# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शनिवार
31 मई 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 92 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579







## अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपी दोषी करार कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा



कोटद्वार । 2022 को वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या कर उसका शव चीला शक्ति नहर में फेंक दिया गया था। घटना के एक सप्ताह बाद चीला नहर से शव बरामद हुआ था। आज कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया।

बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) ने आज फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। इन पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है। वहीं, कोर्ट ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपये का अर्थ दंड और अंकिता के परिजनों को चार लाख रुपये देने का फैसला भी कोर्ट ने सुनाया।

उधर, न्यायालय का फैसला आने से ऐन पहले भीड़ ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर न्यायालय की ओर बढ़ने की भीड़ की कोशिश की। पुलिस पूरी ताकत से लोगों को अंदर जाने से रोकने का प्रयास कर रही है।

अदालत के फैसले पर पूरे उत्तराखंड और देश के लोगों की निगाहें टिकी थीं। कोटद्वार में इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए है। गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों से पुलिस फोर्स कोटद्वार बुलाई गई है। अदालत परिसर के बाहर की सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है।

बीती 19 मई को अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक अवनीश नेगी की ओर से बचाव पक्ष की बहस का जवाब देकर सुनवाई का सिलसिला समाप्त किया गया था। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस व दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 30 मई की तिथि निर्धारित की थ्कोटद्वार स्थित एडीजे कोर्ट में 30 जनवरी, 2023 को मामले की पहली सुनवाई शुरू हुई थी।

शेष पेज 2 पर

कानपुर में बोले प्रधानमंत्री मोदी

## किसी धोखे में ना रहे पाकिस्तान अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर


कानपुर । मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने, घर में घुसकर, सैंकड़ों मील अंदर जाकर तबाह कर दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि यह विकास कार्यक्रम 24 अप्रैल को होना था, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण मुझे अपना कानपुर दौरा रद्द करना पड़ा। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी ने भी अपनी जान गंवा दी। बेटी ऐशान्या का दर्द और गुस्सा हम सबने महसूस किया है। हमारी बेटियों का दर्द और गुस्सा दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में देखा।

मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने, घर में घुसकर, सैंकड़ों मील अंदर जाकर तबाह कर दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। स्वतंत्रता संग्राम की इस धरती से मैं सेना के इस शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मैं फिर कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वो किसी धोखे में न रहे। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किए हैं - 1- भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। 2- भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। 3- आतंक के आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का राज्य और गैर राज्य एक्टर का खेल अब चलने वाला नहीं है। अगर मैं सीधे-सीधे कानपुरिया में कहूं कि दुश्मन कहीं भी हो, होंक दिया जाएगा।

शेष पेज 2 पर



## प्रयागराज में तेजस राजधानी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश नाकाम



प्रयागराज। सुपरफास्ट ट्रेन तेजस राजधानी एक्सप्रेस को प्रयागराज के भीरपुर और मेजा रेलवे स्टेशन के बीच पलटाने की साजिश की गई। बृहस्पतिवार की देर रात अराजकतत्वों ने ट्रेन आने से पहले ट्रैक पर बोल्डर रख दिया। लोको पायलट की सतर्कता से हादसा टल गया। ट्रेन 10 मिनट तक खड़ी रही। आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

उत्तर मध्य रेलवे के भीरपुर और मेजा रेलवे स्टेशन के बीच तेजस राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को पलटाने की साजिश नाकाम हो गई। ट्रेन आने के पहले रेलवे ट्रैक पर बड़े-बड़े बोल्डर रख दिए गए। घटना को रात में अंजाम दिया गया। लोको पायलट की सतर्कता से हादसा टल गया। सूचना पाकर छिवकी से पहुंची आरपीएफ पुलिस ने छानबीन की। इसके चलते 10 मिनट तक ट्रेन को रोकना पड़ा। इस मामले में अज्ञात अराजकतत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

शेष पेज 2 पर

## जम्मू-कश्मीर का विकास न रुकेगा, न थमेगा, पुंछ में बोले अमित शाह

पुंछ। शाह ने आगे कहा कि इस ऑपरेशन में सैकड़ों आतंकी मारे गए। हमने आतंकियों पर हमला किया, लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना। उन्होंने दुनिया को दिखा दिया कि वे ही आतंकियों को पनाह देते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हाल ही में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए शुक्रवार को पुंछ पहुंचे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और वरिष्ठ अधिकारियों और शीर्ष सुरक्षाकर्मियों के साथ, अमित शाह प्रभावित परिवारों से मिलने, संवेदना व्यक्त करने और वित्तीय सहायता देने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान शाह ने कहा कि 7 मई की रात को हमने पाकिस्तान और ढडङ में



आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। यह करोड़ों भारतीयों की तरफ से आतंकियों को दिया गया मुंहतोड़ जवाब था।

शाह ने आगे कहा कि इस ऑपरेशन में सैकड़ों आतंकी मारे गए। हमने आतंकियों पर हमला किया, लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना। उन्होंने दुनिया को दिखा दिया कि वे ही आतंकियों को पनाह देते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया और पुंछ में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। आजादी के बाद पहली बार पुंछ में फायरिंग की गई। पूरी दुनिया पाकिस्तान के हमले की निंदा कर रही है। भारतीय सशस्त्र बलों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के नौ एयरबेस तबाह कर दिए और नतीजतन उन्हें युद्धविराम के लिए आगे आना पड़ा।

अमित शाह ने कहा कि हमने संदेश दिया है कि भारत निर्दोष नागरिकों, भारतीय सशस्त्र बलों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा और हर हमले का अधिक सटीकता से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर आतंकी हमले का हम जवाब देंगे। पुंछ के लोगों ने बहादुरी का परिचय दिया। शाह ने कहा कि आतंकी हमले का जवाब देना हमारी नीति है। शेष पेज 2 पर

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीडीपी वद्धि दर धीमी होकर 6.5% हुई, पिछले साल 9.2% था आंकड़ा

नई दिल्ली भारत की आर्थिक वृद्धि दर मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रह गई। इससे 2024-25 के दौरान वार्षिक वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह जाएगी। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। भारत की आर्थिक वृद्धि दर मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रह गई। इससे 2024-25 के दौरान वार्षिक वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह जाएगी। जनवरी-मार्च अवधि में वृद्धि दर एक वर्ष पूर्व की समान तिमाही की 8.4 प्रतिशत वृद्धि दर से कम रही। सरकार ने शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत बढ़ेगी,

शेष पेज 2 पर

## हमने रखी जिसकी नींव, वो गा रहे हैं उसके गीत, मोदी के कानपुर दौरे पर अखिलेश यादव का तंज



लखनऊ। अखिलेश यादव ने तंज सकते हुए कहा कि हमने रखी जिसकी नींव, वो गा रहे हैं उसके गीत। कानपुर में लाल इमली के बारे में भाजपा सरकार की कोई योजना है क्या? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की 15 वृहद विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कानपुर दौरे को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अब भी पूर्ववर्ती सपा सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के ही फीते काट रही है। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि अब तो कितने बरस भाजपा के शासनकाल के हैं बीते, फिर भी देखो सपा के ही कामों के ये काट रहे हैं फीते। सपा के काम, जनता के नाम :- पनकी तापीय विस्तार योजना, नेयवेली लिग्नाइट पावर प्लांट, कानपुर मेट्रो।

शेष पेज 2 पर

## बिहार में उच्च जाति और अनुसूचित जनजाति आयोगों का पुनर्गठन

### भाजपा व जदयू नेताओं को अहम जिम्मेदारी

पटना । बिहार सरकार ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी कर उच्च जातियों और अनुसूचित जनजाति के कल्याण से जुड़े दो अहम आयोगों का पुनर्गठन कर दिया है। भाजपा और जदयू नेताओं को अहम जिम्मेदारी दी गई है।



बिहार सरकार ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए उच्च जातियों और अनुसूचित जनजाति के कल्याण से जुड़े दो अहम आयोगों का पुनर्गठन कर दिया है। अधिसूचना के अनुसार, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह को उच्च जाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस आयोग में जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि दयानंद राय, जय कृष्ण झा और राजकुमार सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है। आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है।

उसी अधिसूचना के तहत राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग में भी बड़े बदलाव किए गए हैं।

शेष पेज 2 पर

आईएनएस विक्रांत से राजनाथ सिंह ने भरी हुंकार

## भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है'

पणजी । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान को यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि आजादी के बाद से वह भारत के खिलाफ आतंकवाद का जो खतरनाक खेल खेल रहा है, वह खत्म हो चुका है। गोवा के तट पर विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के योद्धाओं के साथ बातचीत में राजनाथ ने इस्लामाबाद को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत आतंकवाद से निपटने के लिए उन तरीकों का इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेगा, जिनके बारे में पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि आज क्ठर ्र्' १ल्ल३ पर अपने नौसैन्य योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब



तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता। वैसे भी द्यविक्रांतद्ध का अर्थ ही होता है- अदम्य साहस, और अपराजेय शक्ति। आज आप सभी जांबाजों के बीच खड़े होकर मैं इस नाम के अर्थ को साकार होता देख रहा हूं। आपकी आंखों में जो दृढ़ता है, उसमें भारत की असली शक्ति झलकती है।

राजनाथ ने कहा, 'आज मैं यहां केवल रक्षा मंत्री के नाते नहीं आया हूं, बल्कि मैं यहां एक कृतज्ञ भारतीय के रूप में आया हूं। मैं आपके समर्पण को नमन करने, आपके शौर्य को सराहने और आपके परिश्रम को सलाम करने आया हूं। मैं आप सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देता हूं। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने द्यऑपरेशन सिंदूरद्ध शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है।'

उन्होंने कहा कि महज कुछ ही समय में हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर मैं फिर दुहरा रहा हूं, हमने अपनी शर्तों पर अपनी सैन्य कार्रवाई को रोका है। शेष पेज 2 पर

# दिल्ली सरकार का 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड सीएम बोलीं- महिला कल्याण निधि योजना वन टाइम नहीं, इसे जल्द लागू करेंगे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने 100 दिन के कामकाज की 'वर्क बुक' लॉन्च की। साथ ही एक पंपलेट भी लॉन्च किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि महिला कल्याण निधि योजना पर गंभीरता से काम चल रहा है। इसे हम बहुत जल्द लॉन्च करेंगे। आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछली सरकार नाम करने वाली सरकार थी, वे भ्रष्टाचार करके मेवा खा रहे थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि महिला कल्याण निधि देने के लिए पात्र महिलाओं को चुना जा रहा है, यह वन टाइम योजना नहीं है, इसपर गंभीरता से काम चल रहा है। इसे हम गंभीरता के साथ बहुत जल्द लॉन्च करेंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अपने 100 दिन के कामकाज की 'वर्क बुक' लॉन्च की। एक पंपलेट भी लॉन्च किया, जिसके माध्यम से दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद 70 विधानसभाओं में जाकर 100 दिन में सरकार के किए काम को बताएंगे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज सिंह, दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सभी मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों को बधाई, सबने 100 दिन में बहुत काम किया। उन्होंने सरकार की 'वर्क बुक' लॉन्च की। उन्होंने कहा कि ये किताब रिपोर्ट कार्ड नहीं, सरकार की वर्क बुक है, इसमें वे काम हैं जो आगे भी बढ़ते जाएंगे। इसे हम 70 विधानसभाओं में जाएंगे, मंत्री विधायक, पार्षद जनता के बीच जाकर सरकार के प्रयासों का ब्योरा देंगे। सरकार ने एक पंपलेट भी छपवाया है, इसमें सरकार के 100 दिन के कामकाज का ब्योरा है, इसको हर घर तक हम पहुंचाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को जेएलएन स्टेडियम में भी एक कार्यक्रम आयोजित कर सरकार के काम काज का ब्योरा देंगे। पिछली सरकार नाम करने वाली सरकार थी, ये काम करने वाली सरकार है, हम काम करने वाले लोग हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार करके मेवा खा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा एक-एक दिन दिल्लीवासियों की भलाई के लिए तत्पर रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे मंत्री दूसरे राज्यों में जाकर केवल प्रचार करने का काम नहीं किया, 100 दिन में हमने जमीन पर उतरकर काम किया। हमने 1 लाख करोड़ का बजट पास किया है, उसको लागू करने के लिए सरकार सिद्दत से काम कर रही है।

**सरकार की आय बढ़ाने पर रहेगा जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपनी इनकम को बढ़ाने के लिए जीएसटी संग्रह बढ़ाने का काम कर रही है। इनकम लीकेज न हो इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

महिला कल्याण निधि योजना पर गंभीरता से काम चल रहा है - सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला कल्याण निधि देने के लिए पात्र महिलाओं को चुना जा रहा है, यह वन टाइम योजना नहीं है, इसपर गंभीरता से काम चल रहा है। इसे हम गंभीरता के साथ बहुत जल्द लॉन्च करेंगे।

**छोटे-छोटे मगर महत्वपूर्ण काम हुए - आशीष सूद**

कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकार के 100 दिन के बक्से में दिल्लीवासियों के लिए छोटे छोटे मगर महत्वपूर्ण काम हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार के शुरूआती 100 दिन बहुत महत्वपूर्ण रहे, दिल्ली में आधी रात को महिला मुख्यमंत्री ने सड़कों के निर्माण का मुआयना किया है। हम ये नहीं कहते कि हमने सब बदल दिया, लेकिन छोटे छोटे महत्वपूर्ण काम शुरू हुए हैं।

**छात्रों को तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए किया करार**

दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने तकनीकी विभाग के साथ तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हाथ मिलाया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में एमओयू हस्ताक्षर कराए। छात्रों को तकनीकी ट्रेनिंग देने के लिए मारुति सुजुकी और अन्य तीन कंपनियों के साथ करार हुआ है। जल्द ही दिल्ली के उच्च शिक्षण संस्थानों में ये कार्यक्रम शुरू होगा।

# उद्योग भवन को बम से उड़ाने की मिली धमकी खाली कराया गया परिसर: सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। भारी उद्योग मंत्रालय को उद्योग भवन में आईईडी से हमले की धमकी वाला ई-मेल मिला। धमकी मिलने के बाद परिसर को खाली कराया गया। बम निरोधक दस्तों ने तलाशी शुरू की। सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी हैं।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव को उद्योग भवन, को उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिला। इसके बाद सुरक्षा तंत्र ने त्वरित कार्रवाई की। केंद्रीय सचिवालय के पास स्थित इस भवन को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल दोपहर में प्राप्त हुआ। इसके चलते सुरक्षा अधिकारियों ने दोपहर 3:15 बजे परिसर को खाली कराया।

दिल्ली अग्निशमन अनुसार, उन्हें दोपहर 1:01 बजे धमकी भरे ई-मेल की सूचना मिली,



जिसके बाद दमकल की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल उद्योग भवन में मुख्यालय वाले मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया था। ई-मेल में कथित तौर पर इमारत को आईईडी से निशाना बनाने की योजना का जिक्र था। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है और परिसर की जांच के लिए बम निरोधक दस्तों को तुरंत तैनात किया गया। परिसर को खाली करा लिया गया है और तलाशी अभियान जारी है।

# बेसिक गणित पढने वाले ग्यारहवीं में कर सकेंगे गणित की पढ़ाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक बार फिर से दसवीं में बेसिक गणित पढ़ने के बावजूद 11वीं में गणित की पढ़ाई करने की छूट प्रदान की है। बोर्ड ने बीते पांच सालों से मिल रही इस छूट को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में भी जारी रखने का फैसला किया है। इस संबंध में स्कूलों को जानकारी भेज दी गई है। हालांकि 11वीं में गणित विषय का विकल्प देने से पहले स्कूल प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि छात्र में गणित पढ़ने की योग्यता व क्षमता हो। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से इस संबंध में सकुर्लर स्कूलों को जारी किया है। यह सकुर्लर बोर्ड से संबद्ध देशभर-विदेश के सभी स्कूलों में लागू होगा। बोर्ड के अनुसार किसी ने दसवीं में स्टैंडर्ड गणित की पढ़ाई नहीं भी की होगी तब भी वह गणित विषय पढ़ सकता है।सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ संयम भारद्वाज की ओर से इस संबंध में स्कूल प्रमुखों को भेजे गए सकुर्लर में कहा है कि वह इस नियम की जानकारी छात्रों व शिक्षकों को उपलब्ध कराएं। बोर्ड ने दसवीं में दो स्तर के गणित (बेसिक व स्टैंडर्ड) लेने का प्रावधान शुरू किया था। तब से छात्रों को दोनों में से किसी एक विषय का चयन करना होता है। जिन्हें दसवीं के बाद गणित की पढ़ाई नहीं करनी होती है बेसिक गणित व जिन्हें 11वीं व 12वीं में गणित पढ़ना होता है वह स्टैंडर्ड गणित का विकल्प लेते हैं। कोरोना काल से पूर्व छात्रों को स्टैंडर्ड गणित पढ़ने पर ही ग्यारहवीं में गणित लेने की अनुमति मिल रही थी। लेकिन बोर्ड ने महामारी के दौरान छात्रों को राहत देते हुए दसवीं कक्षा में बेसिक गणित पढ़ा होने पर भी 11वीं व 12वीं में गणित की पढ़ाई करने की छूट दी थी। तब से बोर्ड की ओर से हर साल यह छूट प्रदान की जा रही है। इस साल भी बोर्ड ने इस छूट को जारी रखने का फैसला किया है। बोर्ड ने यह जानकारी स्कूल प्राचार्यों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों को देने को कहा है इसके साथ ही लिस्ट ऑफ कैंडिडेट (एलओसी) भरते समय सावधानीपूर्वक विषय चुनने और भरने की सलाह दी है। एक बार एलओसी में विषय चयन के बाद इसमें बदलाव नहीं किया जाएगा।

# पेज एक का शेष...

## किसी धोखे में ना रहे पाकिस्तान अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

मोदी ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। ये ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था, जब भारत सैन्य जरूरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने को शुरूआत की। भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर हो, ये हमारी अर्थव्यवस्था के लिए तो जरुरी है ही। ये देश के आत्मसम्मान के लिए भी उतना ही जरुरी है। इसलिए हमने देश को उस निर्भरता से आजादी दिलाने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान चलाया।

नेंस फैक्ट्री है, ऐसी 7 ऑर्डिनेंस फैक्टियों को हमने बड़ी आधुनिक कंपनियों में बदल दिया है। एक समय जहां से पारंपरिक उद्योग पलायन कर रहे थे। वहां अब डिफेंस सेक्टर की बड़ी कंपनियां आ रही हैं। यहां पास में कानपुर में बोले प्रधानमंत्री मोदी, किसी धोखे में ना रहे पाकिस्तान, अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने, घर में घुसकर, सैंकड़ों मील अंदर जाकर तबाह कर दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि यह विकास कार्यक्रम 24 अप्रैल को होना था, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण मुझे अपना कानपुर दौरा रद्द करना पड़ा। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी ने भी अपनी जान गंवा दी। बेटी ऐशान्या का दर्द और गुस्सा हम सबने महसूस किया है। हमारी बेटियों का दर्द और गुस्सा दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में देखा।

मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने, घर में घुसकर, सैंकड़ों मील अंदर जाकर तबाह कर दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। स्वतंत्रता संग्राम की इस धरती से मैं सेना के इस शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मैं फिर कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वो किसी धोखे में न रहे। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किए हैं - 1- भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। 2- भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। 3- आतंक के आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का राज्य और गैर राज्य एक्टर का खेल अब चलने वाला नहीं है। अगर मैं सीधे-सीधे कानपुरिया में कहूं कि दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा।

मोदी ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। ये ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था, जब भारत सैन्य जरूरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने को शुरूआत की। भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर हो, ये हमारी अर्थव्यवस्था के लिए तो जरुरी है ही। ये देश के आत्मसम्मान के लिए भी उतना ही जरुरी है। इसलिए हमने देश को उस निर्भरता से आजादी दिलाने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान चलाया।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि वो डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता में बड़ी भूमिका निभा रहा है। जैसे कानपुर में पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री है, ऐसी 7 ऑर्डिनेंस फैक्टियों को हमने बड़ी आधुनिक कंपनियों में बदल दिया है। एक समय जहां से पारंपरिक उद्योग पलायन कर रहे थे। वहां अब डिफेंस सेक्टर की बड़ी कंपनियां आ रही हैं। यहां पास में ही अमेठी में अк203 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया, उस ब्रह्मोस मिसाइल का भी नया पता है-उत्तर प्रदेश।ही अमेठी में अк203 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया, उस ब्रह्मोस मिसाइल का भी नया पता है-उत्तर प्रदेश।

## अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपी दोषी करार कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

एसआईटी जांच के बाद अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 500 पेज का आरोपपत्र दाखिल किया गया।

तीनों हत्यारोपियों वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर आरोप तय होने के बाद 28 मार्च, 2023 से अभियोजन पक्ष की गवाही शुरू हुई। करीब दो साल और आठ महीने तक चली सुनवाई में अभियोजन पक्ष की ओर से विवेचक समेत 47 गवाह अदालत में परीक्षित कराए गए। हालांकि एसआईटी ने इस मामले में 97 गवाह बनाए थे, जिनमें से 47 अहम गवाहों को ही अदालत में पेश कराया गया।

कोर्ट के फैसले से खुश नहीं अंकिता के माता-पिता-आरोपियों को उम्रकैद की सजा के फैसले से अंकिता के माता पिता खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने हमारी बेटी को मौत दी उन्हें भी मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने हमारा घर बरबाद कर दिया। हम चाहते थे कि हमारे जिंदा रहते इन हत्यारों को मौत की सजा मिले। हम इसके लिए हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

## जम्मू-कश्मीर का विकास न रुकेगा, न थमेगा, पुंछ में बोले अमित शाह

उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर का विकास न रुकेगा, न थमेगा। 7 मई से 10 मई के बीच सीमा पार से हुई शत्रुता में पुंछ में सबसे ज्यादा नागरिक हताहत हुए, कुल 28 नागरिकों में से 14 इसी जिले से हताहत हुए।

शाह के दौरे का उद्देश्य शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करना और उन्हें केंद्र सरकार के निरंतर समर्थन का आश्वासन देना है। मई की शुरूआत में शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर, नियंत्रण रेखा के पार से बढ़ते संघर्ष विराम उल्लंघन, ड्रोन घुसपैठ और लक्षित नागरिक हमलों की एक श्रृंखला के जवाब में शुरू किया गया था। इस ऑपरेशन के बाद से पुंछ और राजौरी जैसे सीमावर्ती जिलों में सैन्य उपस्थिति और निगरानी बढ़ा दी गई है।

## हमने रखी जिसकी नींव, वो गा रहे हैं उसके गीत, मोदी के कानपुर दौरे पर अखिलेश यादव का तंज

अखिलेश यादव ने तंज सकते हुए कहा कि हमने रखी जिसकी नींव, वो गा रहे हैं उसके गीत। कानपुर में लाल इमली के बारे में भाजपा सरकार की कोई योजना है क्या? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की 15 वृहद विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मोदी ने चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के नये भूमिगत खंड का उद्घाटन किया। इस खंड में पांच नये भूमिगत स्टेशन- चुन्नीगंज, बड़ा चौराहा, नवीन मार्केट, नयागंज और कानपुर सेंट्रल शामिल हैं। कानपुर मेट्रो के इस विस्तार के साथ लाल इमली, जेड स्क्वायर मॉल, ग्रीन पार्क स्टेडियम, परेड ग्राउंड, बुक मार्केट और सोमदत्त प्लाजा जैसे महत्वपूर्ण स्थल इस मेट्रो से सीधे जुड़ जाएंगे।

एक बयान के मुताबिक, वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-कानपुर से मोतीझील तक नौ स्टेशन परिचालन में हैं। इस नये खंड से शहर में मेट्रो से यात्रा अधिक सुविधाजनक, तेज और सुरक्षित हो जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने घाटमपुर में 660 मेगावाट की बिजली इकाई और पनकी में एक तापीय बिजली परियोजना का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के लिए स्थिर तथा पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, पनकी ऊर्जा संयंत्र से कल्याणपुर तक दो नये रेलवे पुलों का भी उद्घाटन किया गया।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीडीपी वद्धि दर धीमी होकर 6.5% हुई, पिछले साल 9.2% था आंकड़ा

जबकि 2023-24 में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2024-25 के लिए देश की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। दूसरी ओर, चीन ने 2025 के पहले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) में 5.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज करने की जानकारी दी है।

## प्रयागराज में तेजस राजधानी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश नाकाम

तेजस राजधानी एक्सप्रेस के रेलवे ट्रैक पर अराजक तत्व ने देर रात बोल्डर रख दिया। इसकी जानकारी होने पर लोको पायलट ने भीरपुर और मेजा रोड रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन रोक दी और इसकी सूचना अधिकारियों को दी। जानकारी मिलते ही महकमे में खलबली मच गई। आरपीएफ के साथ तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। छिवकी से पहुंची आरपीएफ ने सघन जांच की।

लोको पायलट के बयान व मौके पर की गई फोटोग्राफी के आधार पर संयुक्त निरीक्षण नोट तैयार किया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अज्ञात व्यक्ति ने डाउन ट्रैक पर किलोमीटर संख्या 794/18-16 भीरपुर और मेजा स्टेशन के मध्य गिट्टी और बोल्डर रख दिया था, जिसके कारण यह घटना हुई। हालांकि इसमें रेलवे विभाग को किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आरपीएफ छिवकी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## 'भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है'

अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। इस पूरे एकीकृत संचालन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब वायु सेना ने पाकिस्तान की धरती पर आतंक के अड्डों को ध्वस्त किया, तब अरब सागर में आपकी आक्रामक तैनाती, बेजोड़ समुद्री डोमेन जागरूकता और समुद्री वर्चस्व ने पाकिस्तानी नौसेना को उसके ही तटों के पास सीमित कर दिया। वे खुले समुद्र में आने का साहस तक नहीं जुटा सके।

राजनाथ सिंह ने कहा कि समुद्र में तैनात हमारे पश्चिमी बेड़े के जहाज ने आतंकवादी हमले के 96 घंटों के भीतर, पश्चिमी और पूर्वी तट पर सतह से सतह, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और टॉरपीडो से कई सफल फायरिंग की, जो हमारे प्लेटफॉर्म, सिस्टम और चालक दल की युद्ध तत्परता को दिखाता है। इन लंबी दूरी के सटीक हमले ने दुश्मन के खिलाफ हमारे इरादे और तत्परता को भी दिखाया और दुश्मन इसी से रक्षात्मक मुद्रा में आ गया।

उन्होंने कहा कि हमारी सेना की आगे की तैनाती के साथ-साथ विक्रांत कैरियर बैटल ग्रुप की बल प्रक्षेपण ने भी हमारे इरादे और क्षमता का प्रभावी संकेत दिया। आपकी इस मजबूत तैयारी ने दुश्मन के हौसले को पहले ही पस्त कर दिया। पाकिस्तान के लिए आपकी तैयारी मात्र ही बहुत थी। आपको तो कार्रवाई की जरूरत ही नहीं पड़ी, आपकी तैयारी से ही दुश्मन सकते में आ गया। पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना की प्रचंड शक्ति, उसकी सैन्य सूझबूझ और विध्वंसक क्षमताओं को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि वे उससे भयभीत भी हुए।

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, कि आपकी मौजूदगी ने दुश्मन की गति को शुरू होने से पहले ही रोक दिया। मैं भारतीय नौसेना के प्रत्येक अधिकारी, प्रत्येक जवान और उससे जुड़े हर नागरिक को हृदय से बधाई देता हूं। अभी हाल ही मैं हमारी सेना के जवानों से मिलने गया था। फिर उसके बाद मैं भुज में हमारे वायु योद्धाओं से मिलने गया था। आज मैं हमारे नौसैन्य योद्धाओं के बीच में हूं। मैं महसूस कर पा रहा हूं कि हमारी सेना का मनोबल यदि पहाड़ की तरह अडिग है, हमारी वायुसेना का मनोबल यदि आसमान की ऊंचाइयाँ छू रहा है, तो हमारी नौसेना का मनोबल भी समुद्र से अधिक गहरा और विशाल है। आपने दिखा दिया कि चाहे जमीन हो, आकाश हो, या समंदर, भारत कहीं भी, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## बिहार में उच्च जाति और अनुसूचित जनजाति आयोगों का पुनर्गठन

आयोग का अध्यक्ष पश्चिम चंपारण के शैलेंद्र कुमार को बनाया गया है। उनके साथ सुरेंद्र उरांव को उपाध्यक्ष और प्रेमशिला गुप्ता, तल्लू बासकी तथा राजू कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया है। इनका कार्यकाल भी तीन वर्षों के लिए रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबूगढ़ पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो गिरफतार किये

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

हापुड़,बाबूगढ। बाबूगढ पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान थाना हापुड देहात के हिस्ट्रीशीटर बौबी उर्फ बोबिन्दर पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम होशदारपुर गढी थाना बाबूगढ जनपद हापुड को गोली मारने के सम्बन्ध में वाँछित अभियुक्त पिन्टू पुत्र सतपाल निवासी ग्राम होशदारपुर गढी व संदीप पुत्र सतपाल निवासी ग्राम होशदारपुर गढी थाना बाबूगढ जनपद हापुड को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर देसी तमंचा, कारतूस वह घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है।

### अज्ञात शवों का डंपिंग ग्राउंड बना हापुड़, फिर मिला सूटकेस से अज्ञात महिला का शव

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

हापुड़। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जनपद हापुड़ अज्ञात शवों का डंपिंग ग्राउंड बनता जा रहा है जैसा आपको जानकारी है कि पहले भी गुड़गांव, दिल्ली से लाकर शवों को सूटकेस में रखकर फेंकने के कई मामले सामने आ चुके हैं। पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के सिखेड़ा रजवाहे में एक सूटकेस के अंदर अज्ञात महिला का शव मिला है। शव की हालत देखकर लग रहा है कि शव एक सप्ताह से पुराना है। मौके पर पहुंची पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने सूटकेस को रजवाहे से निकलकर शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक टीम द्वारा जांच के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है। महिला की हत्या कर शव को सूटकेस में डालकर रजवाहे में बहाने की आशंका जताई जा रही है। रजवाहे में पानी का स्तर कम होने पर राहगीरों द्वारा सूचना देने के बाद पिलखुवा कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर पटनीश कुमार यादव,एस पी ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सूटकेस से महिला के शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि मौके का निरीक्षण किया गया है। सब की शिनाख्त व घटना के अनावरण के लिए टीम का गठन किया गया है मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने UPSIDA लिखे डंपर जब्त किये।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

हापुड़ , पिलखुवा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने अवैध खनन की मिट्टी से भरे दो डंपर पकड़े। जिन पर वढरक्ळअ लिखा हुआ था। दोनों डंपरों को पुलिस ने सीज किया। सूत्रों के अनुसार ग्राम दहपा का भू-माफिया क्षेत्र के बझेड़ा खुर्द की एक जमीन पर अवैध कब्जा कर कर रहा है। जिसके लिए रात्रि में चोरी छुपे मिट्टी से भराव कर रहा है। देखना दिलचस्प होगा कि तहसील प्रशासन मामले में क्या कार्य भी करता है।

### गोवंश चोरी के बाद मिले अवशेष, प्रदर्शन में गरजे हिन्दू संगठन।



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

मोदीनगर । भोजपुर के शामली गांव में एक खेत में गोवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने पर जोरदार प्रदर्शन किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर अवशेषों की जांच की और नमूने एकत्र किए। इसके बाद जेसीबी की सहायता से अवशेषों को गड्ढा खुदवाकर दफनाया गया। पुलिस ने गोवंश चोरी और अज्ञात लोगों के खिलाफ गोकशी का मामला दर्ज कर लिया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि शिकायतकर्ता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही

### एक धरती एक स्वास्थ्य के अंतर्गत योगाचार्य ने सांस्कृतिक योगाभ्यास किया



**नेशनल प्रेस टाइम्स**

गाज़ियाबाद। एक धरती एक स्वास्थ्य के अंतर्गत 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल संयोजन के लिए आयुष विभाग के निर्देश, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं ग्रीक अधिकारी, गाज़ियाबाद डॉ. अशोक राणा जी के जन्य एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आयुष सौग्रग्रंथ के निदेशक द्वारा दो दिवसीय योग प्रशिक्षकों (महिला एवं पुरुष), योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें योग गुरु श्री यश पाराशर जी एवं जिले के मास्टर ट्रेनर्स योग प्रशिक्षक श्री गीतक सिंधु जिले द्वारा संचलित आयुष्मान मंदिर एवं योग वेलनेस सेंटर के सभी योग प्रशिक्षकों (महिला एवं पुरुष), योग सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। संपूर्ण कार्यक्रम आगामी 21 जून 2025 को योग थिमम्स एक धरती एक स्वास्थ्य पर आधारित आ रहा है।

# सच्चा मित्र हितैषी होता है : रवि शास्त्री

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



बागपत। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा जून माह में चौधरी के-हर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शोधक शिविर के लिए श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज बुढेड़ा में सभा मंत्री रवि शास्त्री ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र हितेषी होता है, जो आपको अच्छी आदतें सिखाए और बुराइयों से बचाएं, ऐसे सच्चे मित्र का सम्मान करें और आपत्ति काल में उसकी सहायता भी करें। आज सच्चे मित्र की पहचान करना बहुत कठिन है। जो दिखावटी मित्र हो उनसे बचकर रहें, सावधान रहें। बल्कि धीरे-धीरे उससे संबंध तोड़ दे अन्यथा समय आने पर वह आपकी हानि भी कर सकते है और जो सच्चा मित्र दिखाई दे, उसके साथ पूरी श्रद्धा से मित्रता निभाए। उसका सम्मान करें। सच्चा मित्र बनने का प्रयत्न करें। तभी आपका जीवन सुखमय हो सकेगा। शिविर में प्राचीन युद्ध कौशल कला तलवार ,लाठी भाला आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के लिए ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल बिचपडी , हिसावदा, गुरुकुल ग्वालीखेडा , मवीकलां, आर्य समाज तेडा जनसंपर्क में किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्ण पाल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य धर्मपाल त्यागी, नेहा चौधरी, मनोज शर्मा, पिंकी चौधरी, कपिल आर्य, अमरपाल आर्य आदि उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद में एक्सरे रिपोर्ट में महिला की जगह लिख दिया पुरुष, डॉक्टर का नाम गलत लिखने पर भी लगा जुमार्ना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद। एक्सरे रिपोर्ट में महिला की जगह पुरुष, उम्र और डॉक्टर का नाम गलत लिखने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने अजंता हार्ट केयर एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक और दि न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर 20-20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। राजनगर की अंजू लता राणा ने आयोग में वाद दायर करते हुए बताया कि 20 अप्रैल 2018 को उनका एक्सीडेंट हो गया। उनके पति भारतीय स्टेट बैंक से सेवामुक्त अधिकारी हैं, इस कारण उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के पैनल के डाक्टर अनिल राठी के पास उपचार कराया।
डॉक्टर ने बायीं क्लाई का एक्सरे कराने के लिए उनको मॉडल टाउन स्थित अजंता हार्ट केयर एंड डायग्नोस्टिक सेंटर रेफर कर दिया। वहां उसी दिन उन्होंने एक्सरे कराया और रिपोर्ट प्राप्त की। इस रिपोर्ट को लेकर वह जब डाक्टर के पास पहुंचीं तो रिपोर्ट में महिला के स्थान पर पुरुष उम्र 64 के स्थान पर 26 वर्ष और डॉक्टर का नाम अनिल राठी के स्थान पर डॉ. अनुराग सिंघल लिखा था।

## अल्याबाई होलकर की जयंती मनाई, कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण का संदेश



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बड़ौत। नगर के बावली रोड़ पर स्थित बड़ौत ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों के साथ में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं व वरिष्ठ जन शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे मौजूद भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक रविन्द्र आर्य ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन त्याग, सेवा और न्याय का प्रतीक है। उनके द्वारा कराए गए सार्वजनिक निर्माण कार्य आज भी उनके कुशल प्रशासन को दशार्ते हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया।

भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य व महिला वक्ता के रूप में मौजूद राखी राजपूत ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने हमेशा महिलाओं व गरीबों के विकास के लिए कार्य किये। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर की शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की महिला कल्याण योजनाओं की चर्चा की। इनमें जनधन खाता, शौचालय, उज्ज्वला योजना और निशुल्क राशन जैसी योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन समूह अधिकारी मनोज कुमार ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, सूनील दीक्षित, एडीओ पंचायत बुद्धिप्रकाश, ग्राम पंचायत अधिकारी पवन राणा, संजीत कुमार, अवनीश कुमार, मनोज प्रजापति, तनू तोमर आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ के शहर काजी से की नवाब अहमद हमीद ने शिष्टाचार भेंट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



बागपत। लखनऊ के शहर काजी व ऐशबाग ईदगाह के शाही इमाम एवं इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया लखनऊ के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली से बागपत के रहने वाले उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान देश में मुसलमानों की मौजूदा स्थिति, शिक्षा व्यवस्था, गंगा जमुनी तहजीब और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने खास तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिम युवाओं को बेहतर अवसर देने और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कौमी एकता को देश की मजबूती और विकास का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक न्याय के माध्यम से हम एक समृद्ध और समावेशी समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने आतंकवाद व सांप्रदायिकता का अंत होने एवं शांति व सौहार्द को इंसानियत के लिए आवश्यक बताया। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक धारा में गंगा-जमुनी तहजीब की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राष्ट्र की एकजुटता ही देश के विकास का आधार है। उन्होंने देश निर्माण हेतु शिक्षा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षा सामाजिक गतिशीलता का माध्यम है, इससे समाज के हर वर्ग का उत्थान होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम समाज के मुद्दों को गंभीरता से ले रही है और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के सभी तबकों के साथ संवाद स्थापित करना कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता है।

# पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय, मोरटी व रजापुर में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव रहे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद। जैसा आप सभी को ज्ञात है की ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहे हैं।

प्रदेश के मुखिया क्या आदेश अनुसार सभी सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में, ग्राम मोरठी व रजापुर के सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव रहे। विशिष्ट अतिथियों में खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान, जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) कुणाल मुद्गल, एवं एसआरजी पूनम शर्मा शामिल रहीं।



शिविर की शुरूआत विद्यालय बैंड से हुई। इसके पश्चात छात्रों ने कथक एवं राधा-कृष्ण नृत्य, पंढरपुर यात्रा नाट्य मंचन, हनुमान चालीसा पाठ, ड्राइंग व क्राफ्ट, फूड स्टॉल (लस्सी व भेलपुरी) और खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया।

विशेष आकर्षण रहा बच्चों द्वारा अपशिष्ट सामग्री से तैयार पोशाकों के साथ किया गया रैंप वॉक, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

बीएसए यादव ने बच्चों के साथ बैडमिंटन खेला व प्रेरणादायक भाषण देकर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम रचनात्मकता, ऊर्जा और उत्साह से परिपूर्ण रहा।

## सम्यक पार्टी का विस्तार जारी, बागपत जिलाध्यक्ष और मोदीनगर विधानसभा अध्यक्ष हुए नामित





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

मोदीनगर । सम्यक पार्टी के संगठन का विस्तार लगातार जारी है। इस क्रम में कल बागपत जिले के जिलाध्यक्ष और गाजियाबाद जिले की मोदीनगर विधानसभा के अध्यक्ष नामित किए गए। बागपत का? जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार को और मोदीनगर का? विधानसभा अध्यक्ष प्रवीन कुमार को बनाया गया है। मुकेश कुमार पहले बसपा में सक्रिय रहे हैं, और अब सम्यक पार्टी से जुड़ गए हैं। प्रवीन कुमार एनसीआर समाचार में संवाददाता हैं। अब वह राजनीति में भी सक्रिय होंगे।

सम्यक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, मानवीर सिंह गौतम का कहना है कि सम्यक पार्टी देश की पहली पूर्ण लोकतांत्रिक पार्टी है। लोकतांत्रिक विचारधारा से प्रभावित होकर ही मुकेश कुमार और प्रवीन कुमार सम्यक पार्टी से जुड़े हैं। पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने दोनों माननीयों पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# भूमि विवाद में धरने पर बुजुर्ग की हालत बिगड़ी

## तहसील प्रशासन पर मिली भगत का लगाया आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर । तहसील परिसर में पिछले सात दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सत्येन्द्र कुमार की तबीयत लगातार बिगड़ रही थी, लेकिन वे अपने संघर्ष से पीछे हटने को तैयार नहीं थे। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने पिछले सात दिनों से अन्न का एक दाना भी ग्रहण नहीं किया है वह केवल पानी पर जीवित है अनशन को अब सात दिन पुरे हो चुके है। पीड़ित का आरोप है कि उनके



भाई द्वारा उसके हिस्से की भूमि का अवैध रूप से बैनामा करा दिया गया, जिसमें तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आ रही है। उन्होंने पुलिस में दो बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन दोनों बार मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई। उनका आरोप है कि भूमाफिया खुलेआम घूम रहे हैं और उन पर समझौता करने का दबाव बना रहे हैं।

शुक्रवार देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मेडिकल परीक्षण के बाद उन्हें चिकित्सकों की निगरानी में अस्पताल ले जाया गया है। इस सम्बन्ध में बात की गई तो उपजिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती ने सतेंद्र कुमार के सभी आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि प्रशासन नियमों के तहत कार्रवाई कर रहा है।

# बॉक्सिंग में मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए पांच खिलाड़ियों का चयन

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बृहस्पतिवार को बालक-बालिका अंडर-17 आयुवर्ग में बॉक्सिंग का जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन हुआ। इसमें पांच खिलाड़ियों का मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए चयन हुआ। कोच राजन ने बताया कि झांसी में होने वाली प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन होना है। इसके लिए जिला स्तरीय ट्रायल में 44-46 किलोग्राम वर्ग में दक्षेश सिंग, 50-52 किलोग्राम वर्ग में अंगद सिंह, 48-50 किलोग्राम वर्ग में नविल खान, 54-57 किलोग्राम वर्ग में शशांक पाल और 60-63 किलोग्राम वर्ग में आरिश सामोन का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ी 30 मई को मेरठ स्थित कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाले मंडल ट्रायल में हिस्सा लेंगे। जिला उप क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि बॉक्सिंग के ट्रायल में खिलाड़ियों ने रिंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि सभी चयनित खिलाड़ी जिले का नाम रोशन करेंगे।

## राजनैतिक व्यंग्य-समागम

# जो रगों में ही न दौड़ा, तो फिर सिंदूर क्या है ! : राजेंद्र शर्मा

चचा गालिब से दोहरी माफी के साथ। एक माफी तो उनके शेर की पैरोडी करने के लिए। दूसरी माफी, पैरोडी में भी शेर की टांग तोड़ने के लिए। कहां चचा का रगों में दौड़ने-फिरने का कायल नहीं होना और लहू के आंख से टपकने की डिमांड करना और कहां हमारा सिंदूर के रगों में दौड़ने का ही कायल हो जाना। पर क्या कीजै सिंदूर की तासीर ही कुछ ऐसी है। मोदी जी ने अपनी रगों में बहा जरूर दिया है, लेकिन इससे सिंदूर की तासीर तो नहीं बदल जाएगी। हम सिंदूर के गरम होने की बात नहीं कर रहे हैं, जो मोदी जी की रगों में बह रहा है। हम सिंदूर के ठोस होने की बात कर रहे हैं। और ठोस सिंदूर के आंख से टपकने की डिमांड तो चचा गालिब भी नहीं कर सकते थे।

सच पूछिए तो आंख से खून टपकने की मांग भी कुछ ज्यादा ही थी। पर शायर लोगों को बात को कुछ न कुछ बढ़ा-चढ़ाकर कहने की तो छूट देनी ही पड़ेगी। फिर भी आंख से सिंदूर तो मोदी जी जैसा टॉप का शायर भी नहीं टपकवा सकता है।

अब प्लीज रगों में सिंदूर के दौड़ने पर हुज्जत मत करने लगिएगा। सिंदूर ठोस होने से भी क्या हुआ, मोदी जी की रगों में बह तो सकता ही है। आखिर, मोदी जी की रगों का सवाल है। फिर मोदी जी ने तो पहले ही बताया कि उनकी रगों में बहने वाला सिंदूर गर्म है। और गर्म की कोई सीमा तो है नहीं। पहलगाम में जैसे बहन-बेटियों के सिंदूर मिटाए गए, उस पर खून खौल तो मामूली हिंदुस्तानियों का भी गया था। जाहिर है छप्पन इंच की छाती वाले मोदी जी के मामले में टेंपरेचर खून के खौलने के अंक से तो ज्यादा ही होगा। और सिंदूर भी, सुनते हैं कि साढ़े चार सौ-पांच सौ डिग्री पर तो द्रव में बदलने ही लगता है। यानी पर्याप्त गरम हो जाय, तो सिंदूर रगों में बह भी सकता है। और तो और आंखों से टपक भी सकता है।

वह तो मोदी जी ने चचा गालिब का ख्याल कर के सिंदूर को रगों में बहाने पर ही बस कर दी, वर्ना चाहते तो आंखों से टपकवा भी सकते थे और आरीजिनल शेर को पछाड़ भी सकते थे। लहू आंख से टपकाना तो उनके लिए बच्चों का खेल था।

हमें पता है कि विज्ञान-विज्ञान करने वाले सिंदूर के रगों पर बहने पर भी बहस करेंगे। कहेंगे कि सिंदूर, साढ़े चार सौ, पांच सौ डिग्री पर पिघलता जरूर है, पर रगों में बह नहीं सकता है। इंसान की रगों में पिघला हुआ सिंदूर, वही काम करेगा जो किसी जमाने में पिघला होगा, जब वेदों के श्लोक सुनने वाले शूद्र के कानों में उसे डाला जाता था। पिघला हुआ सिंदूर, जहां-जहां छुएगा, सब पूरी तरह से जला देगा। बेशक, विज्ञान गलत नहीं है। पर उसके नियम मोदी जी पर तो लागू ही नहीं होते हैं। भूल गए क्या? मुश्किल से साल भर पहले, पिछले चुनाव के दौरान ही मोदी जी ने क्या रहस्योद्घाटन किया था! नॉन बायोलॉजीकल हैं, हमारे मोदी जी। जब बंदा ही नॉन बायोलॉजीकल होगा, क्या उसकी नसें भी नॉन बायोलॉजीकल नहीं होंगी?

फिर मोदी जी की नॉन बायोलॉजीकल नसों को कम कर के क्यों आंका जा रहा है और उनके सिंदूर के गलनांक पर जल ही जाने की धर्मविरोधी अटकलें क्यों लगायी जा रही हैं?

और हां, जब नॉन बायोलॉजीकल की बात आती है, तो यह सवाल भी आउट ऑफ सिलेबस हो जाता है कि पहले उन्हीं रगों में और क्या, बल्कि क्या-क्या दौड़ता रहा था? मोदी जी के विरोधियों ने इसमें भी विरोध करने की गुंजाइश निकाल ली है। कह रहे हैं कि पहले तो मोदी जी कहते थे उनके खून में व्यापार है। किसी और टैम पर उन्होंने बताया था कि उनके खून में डेमोक्रेसी है। और तो और एकाध मौकों पर तो उन्होंने अपने खून में सेकुलरिज्म होने का भी दावा किया था। और अब सिंदूर! ये चल क्या रहा है?

सिंपल है। जब बायोलॉजीकलों तक का खून बदला जा सकता है, तो नॉन-बायोलॉजीकलों का खून बदलने में क्यों दिक्कत होनी चाहिए। खून एक बार बदला तो, और चार बार बदला तो, बात तो एक ही है। सच पूछिए तो बार-बार बदलने से तो खून बदलना आसान ही होता जाता है। नसों को प्रैक्टिस जो हो जाती है, खून बदले जाने की। फिर भी रगों में सिंदूर बहने का मामला, पहले वाले मामलों से बहुत डिफरेंट है। डेमोक्रेसी या सेकुलरिज्म के खून में बहने के मामलों से तो यह बिल्कुल ही अलग है। याद रहे कि बाकी सब, चाहे व्यापार हो, या डेमोक्रेसी या सेकुलरिज्म, सभी मोदी जी के खून में थे। लेकिन, सिंदूर इज डिफरेंट। सिंदूर, खून में नहीं है, खून की जगह है, जो नसों में दौड़ रहा है। नॉन बायोलॉजीकल जी को खून की जरूरत भी क्या है? सिंदूर से बखूबी काम चल सकता है, बस सिंदूर नसों में बहने के लिए तैयार होना चाहिए।

मोदी जी ने पूरे देश के सामने अनुकरण करने के लिए एक मॉडल पेश कर दिया है -- नसों में दौड़ते सिंदूर का मॉडल। बल्कि इसी मॉडल को फालो करते-करते रामचंद्र जांगड़ा साहब ने पहलगाम की चूक पर से भी पर्दा हटा दिया। थैंक यू रामचंद्र जांगड़ा साहब, इस चूक पर से पर्दा उठाने के लिए। थैंक यू जांगड़ा साहब, भगवा पार्टी के राज्यसभा सदस्य की अपनी घनघोर व्यस्तताओं के बीच से, पहलगाम की चूक से पर्दा उठाने के लिए टैम निकालने के लिए। पहलगाम के लिए कोई सुरक्षा चूक जिम्मेदार नहीं थी। पहलगाम के लिए सरकार की कोई शेखीबाजी भी जिम्मेदार नहीं थी कि धारा-370 के साथ कश्मीर में आतंकवाद मिटा दिया है। पहलगाम के लिए पाकिस्तान, आतंकवादी भी जिम्मेदार नहीं थे। पहलगाम के लिए जिम्मेदार थी, सिंदूर उजड़वाने वाली महिलाओं में वीरांगना भाव की कमी। उनमें जज्बा नहीं होना। दिल नहीं होना। उनका सिंदूर सिर्फ माथे पर होना। अगर, सिंदूर उनकी भी नसों में दौड़ रहा होता, तो पहलगाम की कहानी ही कुछ और होती। उन्होंने मारने वालों के आगे हाथ नहीं जोड़े होते, क्योंकि हाथ जोड़ने से कोई नहीं छोड़ता। रगों में दौड़ते सिंदूर से उन्होंने आतंकवाद के सीने पर वैसे ही प्रहार किया होता, जैसे मोदी जी ने पाकिस्तान के सीने पर किया है। और आतंकवादी वैसे ही ढेर हो गए होते, जैसे पाकिस्तान ढेर हो गया है। जो रगों में ही न दौड़ा, तो फिर सिंदूर क्या है?

# प्रमुख सचिव सहकारिता ने जिले के अधिकारियों के साथ की



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो बहराइच।**

बहराइच। प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग सौरभ बाबू ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मौजूद अधिकारियों द्वारा निर्धारित सूचकांकों के सम्बन्ध में अर्जित की गई उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। स्वास्थ्य एवं पोषण इन्डीकेटर की समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि पोर्टल पर फीडिंग के सम्बन्ध में आ रही तकनीकी खामियों को तत्काल दूर कराते हुए सभी कार्यक्रमों में फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाय। उन्होंने शत-प्रतिशत बच्चों का एमसीपी कार्ड बनाये जाने का भी निर्देश दिया। प्रमुख सचिव ने कहा कि जनपद में अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूरी क्षमता के साथ संचालित कर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण कराएं तथा उन्हें अन्य अनुमन्य सुविधाएं भी प्रदान करें। प्रमुख सचिव ने शिक्षा, कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों को प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों का आहवान किया कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आकांक्षी जनपद बहराइच को सामान्य श्रेणी में लाने का प्रयास करें। प्रमुख सचिव ने विभिन्न वर्षों में नीति आयोग से प्राप्त धनराशि से विभिन्न विभागों कै अन्तर्गत निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर उन्हें जनोपयोग में लाया जाये। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर मिनी सचिवालय को पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाय ताकि दूर-दराज के लोगों को अपने छोटे मोटे कार्यों के लिए जिला व तहसील मुख्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर मिनी सचिवालय की स्थापना मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकता है। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने जिले में संचालित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के सम्बन्ध में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। सीडीओ ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये गये अभियान द्वारा सरकार आपके द्वार की तर्ज पर पात्र वंचित लोगों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित कर उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। संतृप्तिकरण अभियान के दौरान लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, आवास की चाभी, स्वीकृति पत्र, वरासत व खतौनी प्रपत्र, गोद लिये गये टी.बी. रोगियों को पोषण किट, बच्चों को बेबी किट, सोलर पम्प योजना अन्तर्गत चयनित कृषकों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार, डीएसटीओ अर्चना सिंह व जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा आगा खां फाउण्डेशन व पिरामल फाउण्डेशन के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

# गुरु अरजन देव का शहीदी दिवस लाजपत नगर गुरुद्वारा में कीर्तन और लंगर के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बाराबंकी। लाजपत नगर गुरुद्वारा में सिख धर्म के पांचवे गुरु अरजन देव जी का शहीदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रविवार से सहज पाठ के साथ हुई, जो आज समाप्त हुआ। गुरुद्वारा परिसर में सुबह से विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आयोजित की गईं। सबसे पहले गुरुद्वारा के बाहर छबील लगाकर श्रद्धालुओं को शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद बच्चों ने कीर्तन प्रस्तुत किया। हुजूरी रागी जत्था भाई तीरथ सिंह ने कीर्तन भजन किए।

विशेष दीवान में बटिंडा से आए भाई जसप्रीत सिंह ने गुरु अरजन देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला। गुरु अरजन देव जी को ब्रह्मज्ञानी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने भाई गुरदास की सहायता से गुरुग्रंथ साहिब का संपादन किया। गुरुग्रंथ साहिब में सबसे अधिक वाणी पंचम गुरु की है। कार्यक्रम का समापन आनंद साहिब जी के पाठ के साथ हुआ। इसके बाद गुरु का लंगर वितरित किया गया, जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने एक पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इनमें सरदार चरनजीत सिंह, रवीन्द्रपाल सिंह, हरपाल

# बाराबंकी के बड़ागांव में पंचायत की निःशुल्क लाइब्रेरीकृषि उपनिदेशक और वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण, बच्चों से किया संवाद



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बाराबंकी। मसौली में स्थित बड़ागांव पंचायत भवन की निःशुल्क लाइब्रेरी का शुक्रवार को वरिष्ठ अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि उपनिदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी और गन्ना अनुसंधान केंद्र लखनऊ एवं विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक मौजूद रहे। कृषि उपनिदेशक श्रवण कुमार ने लाइब्रेरी की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई चीज नहीं है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत का फल हमेशा मिलता है। जिला कृषि अधिकारी राजितराम ने बच्चों से संवाद किया। गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक चन्द्रमणि राज और डॉ.आशीष सिंह ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अमेठी। एक दिन पहले नगर पंचायत द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में शुक्रवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी ने मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौपा।

दरअसल पूरा मामला अमेठी नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। दोपहर बाद अंबेडकर तिराहे पहुंची नगर पंचायत की टीम ने बुलडोजर से कई गुमटियों और नालियों के ऊपर रखें पत्थरों को हटाया। वहीं नगर पंचायत ईओ अभिनव यादव ने बताया कि आने वाली बरसात को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है ।छोटे दुकानदारों ने नालियों और पटरियों पर अपनी दुकाने रखें थे। उनको कई बार नोटिस दिया गया इसके बावजूद दुकानदारों ने अपनी दुकानें नहीं हटाई जिससे यह कार्रवाई की गई। वहीं कुछ माह पहले बस अड्डे का निरीक्षण पूर्व में रही डीएम निशा अनंत ने किया था जिस पर नगर पंचायत को निर्देशित किया था की नालियों पर अवैध रूप से रखें छोटे दुकानदारों को नोटिस देकर दुकाने खाली कराई जाय। शुक्रवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में तहसील पहुंचे व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौपा है।

# 26ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल की खानापूरी, फरियादियों का टोटा रहा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी। शुक्रवार को जिले के सभी विकास खंडों की दो दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। चौपालों में जिला स्तरीय अधिकारी भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पहुंचे। फरियादियों का टोटा रहा। विकास खंड अमेठी में बरियापुर और रायदयपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। समाज कल्याण अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में चौपाल में पहुंचे और शिकायतों के बारे में जानकारी ली। यहां केवल दो शिकायतें आईं थीं। खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह और प्रभारी ए डी ओ पंचायत अनुराग यादव चौपाल में मौजूद रहे।

पिछले दो साल के भीतर ग्राम चौपालों में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवासों की मांग सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण लम्बित है। अन्य सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो चुका है। संग्रामपुर विकास खंड में बदलापुर और सोनारीकनू में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। बदलापुर में खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारती ने जनसुनवाई की ।कुल तीन मामले आए जो परिवार रजिस्टर की नकल और जन्म प्रमाण पत्र से सम्बंधित रहे। विकास खंड मुसाफिर खाना में खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। रूदौली में केवल दो शिकायतें आईं। सिंहपुर विकास खंड में इन्हौना और भवानीपुर में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया।दो दो शिकायतें आईं। विकास खंड भादर में गाजीपुर और रेवडा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।कुल नौ शिकायतें आईं हैं।

# पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को मिला अपमान का संदेश, सी एच सी जगदीशपुर में तैनात सुरक्षा गार्ड ने न्यूज इंडिया के जिला संवाददाता से अभद्रता की



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी। पत्रकारिता दिवस पर प्रशासन के अधिकारियों की ओर से पत्रकारों के सम्मान की तो कोई खबर नहीं आई, अपमान का एक वीडियो जरूर वायरल हो रहा है।

सी एच सी जगदीशपुर में तैनात सुरक्षा कर्मी द्वारा एक पत्रकार का अपमान करने और पत्रकार के साथ हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पत्रकार का कहना है कि उसने स्टाफ नर्स ममता द्वारा प्राइवेट क्लीनिक चलाने का वीडियो बनाकर खबर चलाई थी, इसलिए अस्पताल पहुंचने पर गेट पर ही उसके साथ अभद्रता की गई और सुरक्षा गार्ड ने उसके साथ हाथापाई करते हुए मोबाइल को जमीन पर पटक दिया।

उधर सुरक्षा गार्ड का आरोप है कि पत्रकार ने सी एच सी में तैनात एक चिकित्सक के साथ अभद्रता की है।

सी एच सी जगदीशपुर में डाक्टरों की मनमानी, मरीजों से दवा और जांच के नाम पर अवैध वसूली और प्राइवेट लोगों से काम लेने की शिकायत काफी समय से चल रही है। पिछले किसान दिवस में भाकियू नेता हरीश सिंह चुन्नू ने सी एच सी के अधीक्षक पर नियम विरुद्ध काम करने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

शुक्रवार को सी एच सी गये न्यूज इंडिया के जिला संवाददाता विपिन यादव ने सरकारी आवास में ओपीडी करने का समाचार संकलित किया।विपिन यादव का आरोप है कि सुरक्षा गार्ड ने उनके साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट और गाली-गलौज किया है।विपिन ने एस एच ओ जगदीशपुर को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने का अनुरोध किया है।

# त्रि शताब्दी स्मृति अभियान आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बहराइच, नानपारा । पुण्य शलोक अहिल्याबाई होलकर त्रि शताब्दी स्मृति अभियान का आयोजन बृहस्पति शाम को कोतवाली नानपारा के पीछे नगर पालिका मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई की ओर से आयोजित जिसके मुख्य अतिथि अवधेश कुमार श्रीवास्तव पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बाराबंकी एवं विशिष्ट अतिथि राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ टिंकू भैया रहे तीन सौ वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला सफाई कर्मियों का उत्साह बढ़ाने हेतु उन्हें प्रशस्ति पत्र भी बांटे गए परंतु नगर पालिका परिषद नानपारा के सौजन्य से होने वाले इस कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को किट का वितरण तक नहीं किया गया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निकाय स्तर पर होने वाली गोष्ठी से नगर पालिका बाजार नानपारा के जिम्मेदार ही नदारद रहे। पूरे कार्यक्रम में मैरिज हॉल से बिजली नदारद रही ,पूछने पर नगर पालिका नानपारा के एक कर्मी ने बताया कि पंखे खराब है। जनरेटर से दो ब्लोअर पूरा टाइम चलते रहे जनरेटर चलने के कारण कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न होता रहा, जबकि पूरे मैरिज हाल की छत पर लाखों लाख रूपयों की लागत से सौर ऊर्जा की पलेटें भी लगी हुई है इस अवसर पर भाजपा नेत्री वंदना मिश्रा आनंद प्रकाश श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष नानपारा रेखा पांडे नगर महामंत्री नानपारा



भाजपा आनंद रस्तोगी पंडित अनिल पांडे पूर्व मंडल अध्यक्ष नानपारा अभय कुमार मद्धेशिया अजय कुमार गुप्ता छत्रपाल सभासद डॉ अनूप चौरसिया सहित लगभग दो दर्जन महिला सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# चौड़ीकरण के नाम पर संभावित नुकसान को देखते हुए एसडीएम से मिले व्यापारी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद।चौड़ीकरण के नाम पर मकान या दुकान तोड़ने के एनाउंसमेंट से व्यापारियों में खलबली मच गई थी । जिससे व्यापारी अपने रोजगार एवं रहने की व्यवस्था को लेकर काफी चिंतित दिखाई देने लगे। व्यापारी मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने के लिए शहर रामपुर विधायक आकाश कुमार सक्सेना (हनी) से जाकर मिले और उन्हें बताया कि यह दुकान और मकान 50 साल से अधिक समय पहले खरीदी गई जमीन पर बनाए गए हैं जिसका बैनामा भी उनके पास हैशहर विधायक आकाश कुमार सक्सेना ने



व्यापारियों को आश्वासन दिया कि यदि व्यापारी अपनी जगह सही हैं तब उन्हें वहां से किसी भी कीमत पर नहीं हटाया जाएगा और यदि किसी कारणवश हटाया भी गया तब उन्हें मुआवजा दिलाया जाएगा। जिस पर विधायक आकाश कुमार सक्सेना ने अधिकारियों को दोबारा जांच करने का सुझाव देते हुए व्यापारियों का कम से कम नुकसान होने की कार्य योजना पर विचार करने की बात कही। व्यापारी शुक्रवार के दिन उप जिलाधिकारी हिमांशु सिंह से मिले और अपनी बात रखते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी के पुराने रिकॉर्ड में इस सड़क का नाम जीरो प्वाइंट (सिंचाई विभाग का डाक बंगला) से शाहबाद सिरौली ग्रामीण मानकों की सड़क है। जिसमें व्यापारियों द्वारा आग्रह किया गया है कि जब हमारी दुकान एवं मकान पीडब्ल्यूडी के पुराने मानकों के अंतर्गत हैं तो नया मानक बिलारी भमोरा मार्ग बिना मुआवजा के किस मानक के अंतर्गत बनाया जा रहा है। व्यापारियों की बात को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम हिमांशु सिंह ने भी मौके पर जाकर दोबारा जांच की और व्यापारियों को आस्वस्थ किया कि वह व्यापारियों की बात को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर समस्या का समाधान निकालने में व्यापारियों का सहयोग करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता, महामंत्री गोरे खान, लक्ष्मी नारायण, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, शिशुपाल सिंह, नेकपाल सिंह, डॉक्टर रामजी पांडेय, प्रमोद सिंह, पवन सिंह, असलम खान, बुंदू खान सहित अनेकों व्यापारी रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा संतदर्शन सिंह महाराज की 36वीं बरसी मनाई गई.



**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली, सावन कृपाल रुहानी मिशन कृपाल आश्रम महेशपुरा सी बी गंज में दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज की 36 वां बरसी के मौके पर मिशन के सेवादार और कार्यकताओं के द्वारा मीठे शरबत की छबील सेवा की गई भीषण गर्मी में राहगीरों को सभी सेवादारों ने मीठा शरबत पिलाकर सेवा का आंनद उठाया।

### ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी



**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली,ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक स्थानीय बी.डी.ए.कॉलोनी टिबरी नाथ मंदिर के पास हुई ।जिसमें संस्था द्वारा तय किया गया कि कबीर पुरस्कार प्राप्त स्वर्गीय श्री जे.सी.पालीवाल जी की द्वितीय पुण्यतिथि 12 जुलाई को खुशलोक सभागार में मनायी जायेगी ।संस्था के सभी पदाधिकारियों ने इस विषय पर अपने अपने सुझाव दिये ।संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने अगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा सभी सदस्यों के साथ साझा करीं ।कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद,कवि,रंगकर्मी,राजनेता,संगीतकार आदि सम्मिलित होंगे ।इस अवसर पर डॉ. सैय्यद सिराज अली,पंकज शर्मा,सुनील धवन,रोहित राकेश,राजीव लोचन शर्मा,सुबोध शुक्ला,दिलशाद मियां,नीलम वर्मा,हरजीत कौर,देवांश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ईद उल अजहा की तैयारियों पर बाजारों में उमड़ी भीड़, सजा बकरा मंडी का बाजार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। बकरीद के मौके पर बाजार में भारी भीड़ देखी गई। दुकानों पर बकरों की खरीदारी के लिए लोग कतार में खड़े थे। बाजार में चहल-पहल और उत्साह साफ नजर आ रहा है।

मुरादाबाद में बकरीद की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस साल 7 जून को मनाई जाएगी ईद, लोग अपने घरों और बाजारों में बकरों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों ने नए बकरों का स्टॉक लगाया है, और ग्राहक अपने पसंदीदा जानवर चुन रहे हैं। त्योहार के लिए साफ-सफाई और सजावट का भी ध्यान रखा जा रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं ताकि त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा सके। लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर इस त्योहार का आनंद लेने की योजना बना रहे हैं

प्रशासन ने त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए कदम उठाए हैं। बाजारों में खरीदारी शुरू हो गई है, और मवेशियों की देखभाल का ध्यान रखा जा रहा है। सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी चौकस हैं।

## राणा शुगर मिल के सामने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का हुआ शुभारंभ

### पेट्रोल पंप स्वामी द्वारा दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट वितरण किए

रामपुर शाहबाद। इंडियन ऑयल द्वारा लकी ड्रा में विजेता ने पेट्रोल पंप का किया शुभारंभ ।शाहबाद के ग्राम चकरपुर कदीम निवासी रेनू वाला सिंह आनंद ने इंडियन ऑयल की तरफ से लकी ड्रा में भाग लिया था। जिसमें वह विजेता हुई। और पेट्रोल पंप विजेता बनी। जिसके बाद समस्त औपचारिकता पूर्ण करने के बाद शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में आए शाहबाद से डॉक्टर विजयपाल ने फीता काटकर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। सभी सम्मानित लोगों का पेट्रोल पंप पर भोजन कराया गया। पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल भरवाने आए पहले व्यक्ति को सुरक्षा की दृष्टि से पेट्रोल पंप मालिक के पति डॉ आनंदपाल ने हेलमेट देकर सम्मानित किया। और दो पहिया वाहन चालक से निवेदन किया कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन ना चलाएं। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह सागर रमेश यादव पूर्व प्रधान वर्तमान प्रधान पति शिव चरण प्रेमपाल सिंह मौर्य एहसान मलिक रघुनाथ सिंह मास्टर

## शाहाबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की हुई मासिक बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद।आज समाज के हर क्षेत्र में राजनीति हावी होती चली जा रही है जिस कारण न परिवार संगठित रह पा रहा है ना समाज और ना ही कोई संगठन। परंतु शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि संगठन को अधिक से अधिक मजबूत बनाया जा सके। इसी क्रम में शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि में शामिल होने पर दैनिक जागरण के तहसील प्रभारी अखिलेश रस्तोगी, वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रकाश विद्यार्थी, सुहैल असरार, विशाल जोशी और सुमित कश्यप का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि पत्रकार छोटा या बड़ा नहीं होता छोटी या बड़ी होती है तो उसकी सोच और भावनाएं। वह दैनिक, साप्ताहिक, वार्षिक या मासिक किसी भी समाचार पत्र का पत्रकार हो सकता है पत्रकार केवल पत्रकार होता है । उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से आशा व्यक्त की कि वह पत्रकारों के हित में सदैव तत्पर रहने के अपने जज्बे को किसी भी कीमत पर डिगने नहीं देंगे और पत्रकारों को नई ऊर्जा व ताकत देने का कार्य करेंगे। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी अपने आप को सम्मानित पाकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हुए संगठन के प्रत्येक पत्रकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का वायदा किया। संगठन के महासचिव सिफत मियां ने अपने तेज तर्रार संबोधन में पत्रकारों की एकता और सुरक्षा के प्रति गंभीर रहते हुए चेतावनी दी कि पत्रकारों की तरफ अगर किसी की एक उंगली उठती है तो पत्रकार रूपी सभी उंगलियों घूंसा बनकर उस उंगली को मोड़ने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर संरक्षक सखावत अली, अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, प्रवक्ता अखिलेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश शंकर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संयुक्त सचिव विशाल जोशी, सचिव शावेज छोटे, सचिव वीरेंद्र मौर्य, वेद प्रकाश विद्यार्थी, फहीम आतिश, सुहैल असरार, जहीर खां, तकरीर अहमद, धर्मेंद्र सागर, इरफान मलिक, फैजान खा, शान खां, सुमित कश्यप आदि रहे।

## सिख धर्म के अनुयायी गुरु के स्मरण में श्री शरवत बँट गए



**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**

बरेली। सिख धर्म के पांचवें गुरु, गुरु देव जी के शहीदी दिवस पर गुरु नानक दरबार, सुभाष नगर में उनकी जयंती की बूढ़ी पर गर्मी के मौसम में मिठाई छबील से शरबत बांटते हुए कांग्रेस समिति के महानगर अध्यक्ष रैना दादा ने न्याय, धार्मिक सद्भाव और मानवता का संदेश देने वाले सिख धर्म के पांचवें गुरु, गुरु देव जी को ज्योतिजोत दिवस पर सदर तीर्थ की।

## करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप, हंगामा, फूट-फूटकर रोई महिला

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। मंडल के बदायूं में करीब 30 साल से लोगों का करोड़ों रुपये जमा करने के बाद अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी भुगतान नहीं कर रही है। शुक्रवार को कंपनी भागने की सूचना पर सैकड़ों ग्राहक दफ्तर पर पहुंच गए। भुगतान के लिए हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। करीब एक घंटा तक हंगामा होता रहा। उधर, बरेली के कटरा चांद खां मोहल्ले में कंपनी मालिक के घर का घेराव किया गया। यहां महिलाओं ने कंपनी मालिक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर हंगामा किया। इस दौरान कई महिलाओं ने रोते हुए अपनी व्यथा बताई। आरोप लगाया कि उनकी गाढ़ी कमाई सब्जबाग दिखाकर ले ली




गई। अब वह लोग भटक रहे हैं। आराधना साहू ने बताया कि उनके छोटे भाई ने 25 लाख रुपये जमा किए। उसने घर तक बेच डाला। उसकी मौत हो चुकी है। हम कहां से लाएंगे अपना भाई। वह अवसाद में चला गया था, जिससे उसकी मौत हुई थी।

**पुलिस ने लोगों को समझाया**

अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी में हजारों लोगों को करोड़ों रुपया जमा है। भुगतान की समय सीमा निकल जाने के बाद से ग्राहक लगातार अपने भुगतान को लेकर परेशान हो रहे हैं। करीब छह महीने पहले भी ग्राहकों ने जमकर हंगामा किया था। लेकिन शुक्रवार को फिर से शहर में यह सूचना फैली कि अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी भाग गई है। दफ्तर से सारा सामाना ले जाया जा रहा है। इसके बाद तो लोगों का तांता लगना शुरू हो गया। देखते ही देखते सैकड़ों की तादात में ग्राहक मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने लोगों को समझाया। कंपनी के मालिक से बात कर ग्राहकों को रुपयों का भुगतान कराए जाने का आश्वासन दिया गया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रोहिलखंड डेंटल कॉलेज के स्टूडेंट्स ने रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़-नाटक के जरिये जन-जागरूकता अभियान चलाया। तंबाकू से सेहत को जो नुकसान पहुंच रहा है-उससे आमजन को सचेत किया। लोगों को बताया कि तंबाकू का सेवन दांत की बीमारियों से लेकर कैंसर रोग तक का खतरा पैदा करता है। डेंटल स्टूडेंट्स ने नुक्कड़-नाटक से तंबाकू के दुष्प्रभाव समझाए। दूसरे दृश्य



में एक मां और शिशु का चित्रण किया। जिसमें दिखाया गया कि लगातार बोतल से दूध पिलाने पर बच्चों में किस तरह दांतों की बीमारियां घर कर सकती हैं। तंबाकू छोड़ने के लिए रोहिलखंड डेंटल कॉलेज जो सेवाएं दे रहा है-उसके बारे में भी जानकारी दी गई। यहां तंबाकू की लत छुड़ाने के लिए मुफ्त में मुहिम चल रही है। नुक्कड़ नाटक डेंटल कॉलेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के प्रमुख डॉ. शिवलिंगेश केके और विभाग के शिक्षक डॉ. चंचल गंगवार, डॉ. रिंकी हंस, डॉ. अर्जुन सिंह की उपस्थिति में हुआ।

## बरेली कॉलेज के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में भी आवेदन शुरू

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। रेगुलर कोर्स के साथ-साथ बरेली कॉलेज ने स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के लिए भी आवेदन शुरू कर दिए हैं। बीबीए, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स आदि में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण के बाद बरेली कॉलेज की वेबसाइट पर फॉर्म भरना होगा। इंटरमीडिएट का रिजल्ट निकालने के बाद स्नातक में प्रवेश प्रक्रिया तेज हो गई है। बरेली कॉलेज में बीबीए की 240 जबकि बीसीए और बीकॉम ऑनर्स की 160-160 सीटें हैं। इसके साथ बीएससी कंप्यूटर साइंस की 80 और बीएससी बायोटेक की 160 सीटें हैं। इन पर प्रवेश को आवेदन शुरू हो गए हैं। कॉलेज ने पीजीडीसीए, पीजीजेएमसी, फोटोग्राफी और मॉडर्न अरेबिक के डिप्लोमा कोर्स के लिए भी आवेदन शुरू कर दिए हैं।

## अमरोहा में युवक की हत्या का मामला

# परिजनों ने हसनपुर सीओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन, बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा । अमरोहा के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गुलामपुर गांव में एक युवक की हत्या के मामले में ग्रामीणों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मृतक के परिजनों ने बताया कि 11 मई को बृजपाल, विशेष, काले, विरमू, अनुज और वीरेश ने उनके बेटे अमरीश की खेत पर जाते समय पीट-पीटकर हत्या कर दी थी।

पुलिस ने छह नामजद आरोपियों में से अनुज और वीरेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बाकी



चार आरोपी अभी भी फरार हैं। परिजनों का आरोप है कि फरार आरोपी मृतक के बड़े भाई को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं

ग्रामीणों ने सीओ दीप कुमार पंत को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शेष आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों ने चेतावनी दी कि अगर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

प्रदर्शन में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष मोनू कुमार सागर समेत राजू खैवान, चंद्रा, चंद्रवती, सर्वेश, प्रेमवती, शांति, कुंती, इंदिरा, राजबाला, पार्वती और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया हिंदी पत्रकारिता दिवस

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद।कहते हैं कि पंखों से उड़ान नहीं होती उड़ान तो हौंसलों से होती है क्योंकि नसीब तो उनका भी होता है जिनके हाथ नहीं होते । जी हां उड़ान भरने के लिए हौसलों की आवश्यकता अधिक रहती है जिसका उदाहरण पत्रकारों में दिखाई देता है। पत्रकारों के कोई पंख नहीं होते परंतु हौंसला उनके विचारों को हर परिस्थितियों में भी ऊंचाइयों पर ले जाता है। एक पत्रकार विषम परिस्थितियों में भी अपनी जान जोखिम में डालकर कवरेज करते हुए अपने संस्थान के लिए कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करता है। ऐसे पत्रकारों के लिए हिंदी पत्रकारिता दिवस एक अहम दिवस माना जाता है जिसमें पत्रकार अपने विचारों का आदान-प्रदान एक दूसरे से कर सकते हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस हर साल 30 मई को मनाया



जाता है। यह दिवस हिंदी पत्रकारिता के इतिहास और विकास को याद करने के लिए मनाया जाता है। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर, पत्रकारों, लेखकों, और साहित्यकारों को सम्मानित किया जाता है और हिंदी पत्रकारिता के विकास में उनके योगदान को याद किया जाता है।शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सिरोली रोड स्थित अपने कार्यालय पर हिंदी पत्रकारिता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । जिसमें नए सदस्यों का स्वागत फूल माला पहनाकर एवं सभी पत्रकारों को उनकी ताकत को बढ़ाते हुए कलम व डायरी उपहार में देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पहुंचे उप जिलाधिकारी हिमांशु सिंह और तहसीलदार ने भी पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए उनका हौसला अफजाई की। इस दौरान संरक्षक सखावत अली, अध्यक्ष आफताब बेग, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, प्रवक्ता अखिलेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश शंकर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संयुक्त सचिव विशाल जोशी, सचिव शावेज छोटे, सचिव वीरेंद्र मौर्य, वेद प्रकाश विद्यार्थी, फहीम आतिश, सुहैल असरार, जहीर खां, तकरीर अहमद, धर्मेंद्र सागर, इरफान मलिक, फैजान खा, शान खां, सुमित कश्यप आदि रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा जगह-जगह हुए विविध कार्यक्रम

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

ललितपुर,तालबेहट। महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली मराठा शासिका अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती के अवसर पर नगर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही नगर पंचायत एवं विकासखण्ड सभागार में विविध कार्यक्रम के माध्यम से उनके देश को दिए गए योगदान को याद किया गया।



गुरुवार को कस्बा में महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर पाल समाज के तत्वाधान में हजारिया मन्दिर से भव्य शोभायात्रा शुरू हुई। यह शोभायात्रा हजारिया मन्दिर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए अंजनी मन्दिर पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा में महारानी अहिल्याबाई होलकर के विभिन्न सजीव स्वरूप यात्रा के आकर्षण बढ़ा रहे थे। यात्रा के उपरांत पाल समाज द्वारा नगर के एक विवाह घर में संगोष्ठी हुई । जिसमें महारानी अहिल्याबाई के महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के प्रति दिए गए योगदान को अतिथियों ने सराहा और उनके प्रेरक जीवन से प्रेरणा ली। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, बीजेपी जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष झाँसी राकेश पाल, अभिषेक पाल, सुभाष पाल, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, मान सिंह यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज पटेरिया सहित तमाम पाल समाज के नर नारी मौजूद रहे। विकासखंड सभागार एवं नगर पंचायत कार्यालय में भी महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती भव्यता से मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने उनके कृतित्व और इतिहास को याद कर उनसे प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

# नन्ही गौरैया को बचाने के लिए एक अनूठी पहल

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**



ललितपुर,तालबेहट। कस्बा के बैंक कर्मी युवा दम्पति पर्यावरण और प्रकृति की संरक्षण के लिए लगातार समाज सेवा के माध्यम से अपने दायित्व निभा रहे हैं। नन्ही गौरैया को बचाने और प्रकृति को हरा भरा रखने के लिए वह लगातार घोंसला वितरण एंव पौधारोपण का कार्य कर रहे हैं। नगर निवासी बैंक कर्मी अमित बबेले मनु और उनकी पत्नी राखी बबेले द्वारा मिलकर एक नई पहल की शुरूआत की गई थी। इन्होंने अपने घर को गौरैया हाउस बना दिया है । इसके साथ ही अनेकों घोंसले घर घर वितरण किये। गुरुवार को युवा दम्पति ने अपनी शादी की पांचवी वर्षगांठ पर पांच गौरैया के घर और लगाए वैसे तो इनके द्वारा शांतिपुरम कॉलोनी में और आसपास के क्षेत्र में कई जगह गौरैया के घर स्थापित कर चुके हैं। साथी यह पौधारोपण कर लोगों से प्रकृति बढ़ाने की अपील करते हैं और स्वयं पौधे स्थापित कर प्रकृति को हरा भरा करने का जज्बा रखते हैं।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2025 को नकलविहीन और सुरक्षित संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की बैठक।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

जालौन। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2025 को नकलविहीन, सुरक्षित एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने की।



गोष्ठी में परीक्षा की तैयारी की समीक्षा करते हुए दोनों अधिकारियों ने संबंधित विभागों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा पर्यवेक्षकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए जाएं। पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। साथ ही, परीक्षा केंद्रों के आस-पास धारा 144 लागू की जाएगी ताकि किसी प्रकार की भीड़ या बाहरी हस्तक्षेप न हो।

जिलाधिकारी महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे परीक्षा आयोजन से जुड़ी प्रत्येक जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और आपसी समन्वय बनाकर परीक्षा को सफल बनाएं। गोष्ठी में जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, पुलिस विभाग के अधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने परीक्षा को नकलविहीन व सफल बनाने हेतु अपने-अपने स्तर पर पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# मथुरा में (उपज) उत्तर प्रदेश एशोसिएशन जनर्लिस्ट एनयूजेआई का पत्रकारिता भव्य समारोह

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। उपज नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया (एनयूजेआई), एनयूजे उत्तर प्रदेश द्वारा 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस पर मथुरा महानगर के होटल हीरा इन्विटेशन डेंपियर नगर मथुरा के सभागार में एक विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें भाग लेने के लिए एनयूजेआई के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री आनंद कर्ण, राष्ट्रीय महामंत्री एन यू जे त्रियुग नारायण, उपज के मथुरा अध्यक्ष अतुल जिंदल व्दारा अधिवेशन किया गया। इस कार्यक्रम के अथिति केबीनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण ने सरस्वती पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्जलित किया गया। अधिवेशन में 50 जिलों के बरिष्ठ पत्रकार 300 से अधिक समारोह में उपस्थित रहे। क्रार्यक्रम की अध्यता विजय सिंघल एवं विपिन अग्रवाल व्दारा की गई। पत्रकारो ने केबीनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण को पत्रकारों की सुरक्षा व पत्रकारो को पुलिस उत्पीड़न के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के





नाम ज्ञापन दिया। केबीनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण ने कहा, मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरूण सिंह ने कहा कि पत्रकारों के हित में केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। कोरोना काल में भी प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पत्रकारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को दर्पण दिखाने का कार्य करते हैं। समाज के सामने सच को उजागर करना पत्रकार का अहम भूमिका है और समाज उनसे इसकी अपेक्षा भी करता है। पत्रकारों को फेक न्यूज से भी बचना चाहिए। किसी समाज व राष्ट्र विरोधी खबर की जब तक सत्यता की पुष्टि न हो तब तक फेक न्यूज को वायरल नहीं करना चाहिए। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। वह गर्मी, सर्दी, बरसात सभी मौसमों में अपने धर्म को निभाते हुए हम सभी को घटना स्थल की यथास्थिति से अवगत कराते हैं। 30 मई को 'हिन्दी पत्रकारिता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पत्रकारिता समारोह में विपिन अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, विष्णु पहलमान, विजय सिंघल, मदन सारस्वत, बंटी, मेसी, महेश वर्मा, अनुज उपमन्यु आदि उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप, छत्रसाल जू देव और पृथ्वीराज चौहान का मनाया जन्मोत्सव

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। क्षत्रिय समाज के सभी संगठनों के तत्वाधान में हिन्दू ह्रदय सम्राट महाराजा महाराणा प्रताप एवम बुन्देलखण्ड केसरी महाराज छत्रसाल जू देव, महापराक्रमी पृथ्वीराज चौहान का जन्मोत्सव शशिभूषण सिंह बुन्देला के मुख्यातिथ्य में एवं सोवरन सिंह बुन्देला के विशिष्ट आतिथ्य एवम दरयाव सिंह परमार की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। तीनों महावीरों का जन्मदिन हिंदी मास के ज्येष्ठ मास की तृतीया के एक ही दिन हुआ था। इसलिए सभी हिंदी मास के अनुसार जन्मदिन मनाते है। सर्व प्रथम भगवान श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।इसके बाद महाराणा प्रताप, छत्रसाल जू देव, पृथ्वीराज चौहान एवम ललितपुर के क्षत्रिय समाज के स्तम्भ श्रद्धेय सुजान सिंह बुन्देला के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद शशि राजा बुन्देला ने कहा कि हम अपने आराध्य महाराणा प्रताप का आज जन्मदिन मना रहे है। इनके के शौर्य की गाथा विश्व विख्यात है अतः हम सभी को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। दरयाव सिंह परमार ने कहा कि हमे गर्व होना चाहिए कि छत्रसाल बुन्देला का ननिहाल हमारे जनपद के दैलवारा गांव में था। जिनसे दुश्मन थर-थर कांपते थे। अन्य वक्ताओं में भूपेंद्र सिंह तोमर पुष्पेंद्र सिंह बुन्देला,राजेन्द्र सिंह परमार,भगत राजा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दरयाव सिंह परमार, जे.के.सिंह तोमर, सोवरन सिंह बुन्देला, अजय प्रताप सिंह तोमर, चंद्रपाल सिंह परमार, राजेन्द्र सिंह राठौड़, भगत राजा बुन्देला, भूपेंद्र सिंह तोमर, राजेन्द्र सिंह राजावत, भगवत सिंह बैस, अरविंद सिंह पार्षद, सम्राट सिंह बनाफर, ताहर सिंह पवार, पहलवान सिंह डोडिया, महेंद्र सिंह बुन्देला, सतेंद्र सिंह परमार, महेंद्र सिंह चौहान, यशपाल सिंह परमार, माधव राजा, सुनील सिंह गहलोत, डग्गी राजा, चाली राजा, हरेन्द्र प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह परमार, उदयप्रताप सिंह, संजय राजा, रवि राजा, हरनाम सिंह तोमर, चंचल राजा, संग्राम सिंह बुन्देला, दीपेंद्र सिंह बुन्देला, जयहिंद सिंह बुंदेला आदि उपस्थित रहे। संचालन भगवत सिंह बैस ने किया। अंत मे अजय प्रताप सिंह तोमर ने उपस्थित सभी लोगो का आभार व्यक्त किया। फोटो-पी2

# व्रन्दावन में पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं ने किया प्रदर्शन




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से परेशान वार्ड संख्या 34, राधा निवास क्षेत्र की महिलाओं ने बृहस्पतिवार को नगर निगम के जोनल कार्यालय पर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई और नगर निगम अधिकारियों से समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं का कहना है कि पिछले करीब एक महीने से उनके क्षेत्र में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। इस कारण उन्हें रोजाना पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय निवासी पूनम निषाद ने बताया कि नगर निगम से कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं, लेकिन वह भी ऐसी जगह खड़े किए जाते हैं जहां गंदगी के कारण वहां जाना भी मुश्किल होता है।

आरती अग्रवाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि न तो पानी की समस्या का स्थायी समाधान किया गया है और न ही क्षेत्र की साफ-सफाई पर कोई ध्यान दिया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक मौके पर पहुंचे और महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में आरती अग्रवाल, ज्योति रुहेला, मीनाक्षी, शिल्पा, गुड्डी, अंजना, कुसुमा और पूनम निषाद मौजूद थीं।

# कलश शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। नौहझील में श्रीझाड़ी हनुमानजी मंदिर पर 34वें वार्षिकोत्सव के तहत आयोजित श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कस्बे में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। करीब एक किलोमीटर तक मानव श्रृंखला बनी रही। भागवतवक्ता अनिरुद्धाचार्य महाराज आकर्षण का केंद्र रहे। हेलिकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की गई। कस्बावासियों ने जगह-जगह स्वागत किया। बगीची से यात्रा शुरू हुई। इसमें 751 महिलाएं सिर पर कलश रखकर नंगे पैर चल रहीं थीं। कलश यात्रा अग्रवाल बगीची से शुरू होकर द्रोपदी चौक, पथवारी मंदिर, टोली मोहल्ला, रेतिया बाजार, चामड़ चौराहा, शेरगढ़ रोड होते हुए हनुमानजी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में डीजे व



बैंड मधुर भजनों पर अपनी प्रस्तुति दे रहे थे। घोड़ी डांस, साधू-संतों के अखाड़ों द्वारा तलवारबाजी का प्रदर्शन किया गया। शिव तांडव, राम दरबार, राधा-कृष्ण, हनुमानजी, बांके बिहारी सहित अन्य झांकियां मन मोह रहीं थीं। शोभायात्रा में जगद्गुरु नाभा द्वाराचार्य सुतीक्षण दास महाराज, महंत रामरतन दास महाराज, भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य महाराज साधु-संतों के साथ रथों में सवार होकर चल रहे थे। समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह शीतल पेय पदार्थ, बिस्कुट, नमकीन आदि का वितरण किया। ब्लाक प्रमुख सुमन चौधरी, प्रधान प्रशांत गुप्ता, मनीष जिंदल, विवेक जिंदल, शशि शर्मा, मोरध्वज अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, कन्हैया गुप्ता, प्रवीन कटारा, उमाकांत शर्मा, गौरांग अग्रवाल, अशोक शर्मा, ईश्वरी प्रसाद अग्रवाल आदि शामिल रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत थाना प्रभारी सोनू सिंह, उपनिरीक्षक अंकित कुमार, दीपक नागर पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# विकासखंड कार्यालय परिसर कोंच में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा सफाई कर्मचारियों से अभद्रता मामले में धरने पर बैठे कर्मचारी,कड़ी कार्यवाही की मांग उठाई।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**



जालौन । कोंच विकासखंड कार्यालय परिसर में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा सफाई कर्मचारियों से की गई अभद्रता और गाली गलौज के मामले में आज शुक्रवार की दोपहर करीब 3 बजे सफाई कर्मचारी अपने जिलाध्यक्ष के साथ धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

वही जानकारी के मुताबिक पूरा मामला कोंच विकासखंड कार्यालय परिसर का है, जहां नगर में मौजूद अभिलाषा पैलेस में अहिल्याबाई होल्कर जन्मशताब्दी का कार्यक्रम मनाया जा रहा था। वहां पर ब्लॉक की सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, इस दौरान सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि वहां पर मौजूद ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र पटेल द्वारा अपशब्दों और गाली गलौज का प्रयोग किया गया है, और हम लोगों के साथ अभद्रता की है, जिससे गुस्साए ब्लॉक की सफाई कर्मचारी विकासखंड कार्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए और ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की है।वही मामले में खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही की बात कही है।

# जाखलौन के पाली तिराहा सहित आसपास के मोहल्लो में संकट गहराया

ललितपुर,जाखलौन। कस्बा के मुहल्ला पाली तिराहा इंद्र अखाड़ा और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के आसपास लगे घरेलू नलों में पिछले दो-तीन दिनों से पानी की एक भी बूंद नहीं आ रही है जिससे नल उपभोक्ताओं को पेयजल की भारी समस्या से जूझना पड़ रहा है। कस्बे में जल संस्थान झांसी डिविजन ललितपुर के माध्यम से पेयजल व्यवस्था सुचारू की जाती है। किंतु कुछ दिनों से कस्बे के घरेलू नलों में पानी न आने से भारी समस्या पैदा हो गई है। जब इस संबंध में जल संस्थान कर्मियों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि पानी की मोटर का स्टाटर खराब है संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है किंतु स्टाटर ना आने के कारण पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं हो पा रही है।

# बांकेबिहारी ट्रस्ट बनने के बाद डीएम, एसएसपी सेवायतों से मिले

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। श्रीबांकेबिहारी मंदिर का ट्रस्ट बनने की अधिसूचना जारी होने के बाद डीएम चंद्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार समेत कई अधिकारियों ने मंदिर के सेवायतों से मुलाकात की। साथ ही आपसी सौहार्द से ट्रस्ट का संचालन व कॉरिडोर निर्माण पर मंथन किया। डीएम ने बताया है कि यह ट्रस्ट स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर काम करेगा और आपसी समन्वय से मंदिर की सुरक्षा, पूजा व्यवस्था और कॉरिडोर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेगा। हालांकि मंदिर के सेवायत सरकार की इस मंशा के



खिलाफ हैं। सूत्रों के अनुसार, मंदिर के सेवायत अपने पक्ष पर अड़िग रहे। कहा है कि सरकार को अगर कॉरिडोर बनाना है तो वह बनाए, लेकिन मंदिर को उसमें शामिल न करे। हालांकि सरकार का दावा है कि ट्रस्ट के पदाधिकारी नियमित संवाद के माध्यम से उनकी चिंताओं को समझेंगे। ट्रस्ट यह सुनिश्चित करेगा कि परियोजना के हर चरण में स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और मंदिर से जुड़े अन्य लोगों का सहयोग लिया जाए। इस सहभागिता से परियोजना को न केवल सामुदायिक समर्थन मिलेगा, बल्कि यह वृंदावन की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना को भी मजबूत करेगा।

# निजीकरण के विरोध में विद्युतकर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। निजीकरण के विरोध में बृहस्पतिवार को टीजीटू, संविदाकर्मी, जेई और अधिकांश एसडीओ कार्य बहिष्कार कर कैंट स्थित बिजलीघर पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक हॉल में बैठे रहे। इस दौरान अपनी समस्याओं को लेकर आए लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले कैंट स्थित बिजलीघर पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर अपनी मांग को दोहराया। वक्ताओं ने कहा कि यदि निजीकरण को वापस नहीं लिया तो वह



आंदोलन को और तेज करेंगे। इस दौरान काम बहिष्कार के चलते फॉल्ट आदि की समस्याएं भी दूर नहीं हो रही हैं। कैंट स्थित बिजलीघर से पोषित बालाजीनगर और मोतीनगर क्षेत्र की अंडरग्राउंड लाइन 10 दिन से खराब है। उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। उपभोक्ताओं ने बिजलीघर में शिकायत पत्र भी दिया है लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। एसडीओ कैंट बिजलीघर अजय कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं ने शिकायत पत्र दिया है। इस शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है। लाइन को ठीक करने के लिए ठेकेदार से कह दिया है, लेकिन उसके पास मजदूर उपलब्ध नहीं हैं। शुक्रवार तक समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## 'पत्रकारिता में सर्वोच्च स्थान पर हो राष्ट्र व समाज हित'

# हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार संगठन कैराना की ओर विचार गोष्ठी का आयोजन

## संगठन के कलमवीरों को पुष्प-मालाएं पहनाकर एवं उपहार भेंट करके किया गया सम्मानित


**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार संगठन कैराना की ओर से विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के कलमवीरों को पुष्प-मालाएं पहनाकर तथा उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग पर चौधरी सिताब सिंह मार्किट में स्थित पत्रकार संगठन कैराना के कार्यालय पर हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सुनील धीमान ने की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अंसार सिद्दीकी ने किया, जबकि कार्यक्रम के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार ताराचंद सैनी एवं रियासत अली ताबिश रहे। इस दौरान हिंदी पत्रकारिता के उद्देश्य, संघर्ष एवं चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में पत्रकारिता के गिरते स्तर पर भी गहन चिंतन-मनन किया गया। वहीं, संगठन के कलमवीरों ने अपने उद्बोधन के दौरान राष्ट्र व समाज हित को प्राथमिकता में रखकर पत्रकारिता करने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में संगठन के पत्रकार बन्धुओं को पुष्पमाला पहनाकर तथा उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक सुधीर चौधरी व महराब चौधरी, अध्यक्ष संदीप इन्सां तथा वरिष्ठ पत्रकार युसूफ त्यागी, मेहरबान अली कैरानवी, सालिम अंसारी, सलीम चौधरी, अहसान सैफी, सलीम फारुकी, सन्नी गर्ग, आशीष सैनी, अरशद चौधरी, वाजिद अली, फारूख फरीदी,सलमान चौधरी, फिरोज खान समेत विभिन्न पत्रकार गण मौजूद रहे।

# निर्वतमान सांसद ने गणेश शंकर विद्यार्थी को अर्पित किये श्रद्धासुमन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



शुक्रवार को कैराना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी कस्बे के मुख्य मार्ग पर चौधरी सिताब सिंह मार्किट में स्थित पत्रकार संगठन कैराना के कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के जनक गणेश शंकर विद्यार्थी की तस्वीर के सम्मुख पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने पत्रकारिता जगत से जुड़े कलमवीरों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं भी ज्ञापित की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान, ब्लॉक प्रमुख हर्षल चौधरी, भाकियू जिला सचिव गुरदीप प्रमुख, भूपेंद्र शर्मा, नरेंद्र चौहान एडवोकेट, अनुज रावल एडवोकेट, जगदीश चेयरमैन, नरेंद्र खन्द्रावली, संजय कश्यप, हरपाल भूरा, नीरज उपाध्याय, रविन्द्र प्रधान, प्रताप जगनपुर आदि मौजूद रहे।

# नारी सम्मान होगा तो अपराध अपने-आप कम होगा :- प्रदीप चौधरी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। पूर्व सांसद ने नारी को समाज की आदर्श शिल्पकार बताया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान हमारे समाज की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गुरुवार को ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान सांसद प्रदीप चौधरी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान व ब्लाक प्रमुख हर्षल चौधरी शामिल हुए। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने आहिल्या बाई के जीवन पर प्रकाश डाला डालते हुए कहा कि उनके जीवन में किए गए संघर्ष व श्रेष्ठ शासन इतिहास की विरासत में जिवित है। उन्हें महान शासिका और एक आदर्श महिला के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में नारी का सदैव श्रेष्ठ स्थान रहा है। हमारा समाज नारी शक्ति को दुर्गा के रूप में पूजने का काम करता है। मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिये गौरव की बात है। महिला सशक्तिकरण विकसित राष्ट्र के विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। इसके लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। यदि सामाजिक वातावरण में मयार्दा होगी, नारी सम्मान होगा तो अपराध अपने-आप कम हो जायेंगे और नारी सुरक्षित हो जाएगी।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला, कार्यकत्री को स्वयं सहायता समूह, सामुदायिक शौचालय केयर टेकर , महिला ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री दामोदर सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, कंडेला मंडल अध्यक्ष नेत्रपाल चौहान एडवोकेट,पूर्व चेयरमैन जगदीश चौहान,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश, जगदीश, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, रवींद्र प्रधान व प्रताप चौधरी आदि मौजूद रहें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बीआरसी कार्यालय में लगी आग



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। ऊँचागांव में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र कार्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इस दौरान आग की चपेट में आकर कीमती सामान जलकर राख हो गया।

शुक्रवार को क्षेत्र के ऊँचागांव में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र कार्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे वहां रखा सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर, मॉनिटर, फर्नीचर, इन्वर्टर, यूपीएस तथा कुछ दस्तावेज जलकर राख हो गए। ग्रामीणों की सहायता से बामुश्किल आग पर काबू पाया गया। मामले की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिस पर क्षेत्र में कार्यरत पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल(पीआरवी) पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी हासिल की। वहीं, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार शर्मा ने मामले की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी है, जिसमें आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

# जुमे की नमाज के मद्देनजर अलर्ट रहा पुलिस फोर्स

## पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के चलते कैराना में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई जुमे की नमाज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



कैराना। पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के चलते कैराना में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते पुलिस-प्रशासन अलर्ट नजर आया। नमाज से पूर्व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस व पीएसी बल के साथ में कस्बे में पैदल मार्च किया। उन्होंने लोगो से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देकर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। वहीं, नमाज के दौरान कस्बे में स्थित जामा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों के बाहर भारी पुलिसबल तैनात किया गया था। पुलिस-प्रशासन की सजगता के चलते जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई।

इस दौरान पुलिस फोर्स के जवान बॉडी प्रॉटेक्शन जैकेट पहने हुए थे। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कस्बे व क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई है।

# घर से स्पलेंडर बाइक व मोबाईल चोरी, जांच को पहुॅचें पुलिसकर्मियों पर धमकाने का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

चौसाना। पठानपुरा में घर में खडी बाइक व मोबाईल को बदमाशो ने चोरी कर लिया। आरोप है कि घटना के दौरान पीडित सो रहा था। पीडित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅचीं। पीडित का आरोप है कि मैंने देरी से कार्यवाही करने का कारण पूछा तो पुलिस ने पीडित को धमकाया।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव पठानपुरा में विकास पुत्र लाल सिंह शुक्रवार को अपने घर पर सो रहा था । आरोप है कि उसी दौरान वहॉ खडी स्पलेंडर बाइक व मोबाईल फोन को बदमाश चोरी कर-के ले गये। जब आंख खुली तो बाइक की तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लगा। पीडित ने पुलिस को शिकायत की। जिस पर पुलिस कुछ देरी से पहुॅची। पीडित का आरोप है कि मैंने आपत्ति करते हुये देरी से कार्यवाही का कारण पूछा तो पुलिसकर्मी भडक गये और धमकाया। बाइक चोरी के मामले मे खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही हो सका। वही कार्यवाहक चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया तहरीर मिली है मामले की जॉच कर रही है।

## तहसील परिसर से वादकारी की बाइक चोरी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। न्यायालय में तारीख पर आए वादकारी की बाइक को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती-पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

आदर्शमण्डी थानाक्षेत्र के गांव गोहरनी निवासी सुनील कुमार ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि शुक्रवार को वह स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर न्यायालय में तारीख पर आया था। वह बाइक तहसील परिसर में स्थित मंदिर के पास खड़ी करके न्यायालय में तारीख पर चला गया। आरोप है कि जब वह वापिस आया तो उसे बाइक वहां नही मिली। किसी अज्ञात चोर ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। वहीं, पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, जेल रवाना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। नाबालिग से छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। विगत गुरुवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की ने कोतवाली पर छेड़छाड़ व मारपीट का अभियोग पंजीकृत कराया था। इसी क्रम में एसपी शामली रामसेवक गौतम के निदेर्शानुसार महिला अपराधों में लिप्त वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने मामले में नामजद कराए गए आरोपी अमित निवासी ग्राम जंधेड़ी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# ब्लाक में नारी सशक्तिकरण अंतर्गत अहिल्याबाई को किया गया याद

**कांधला, नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



विकास खंड में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा एमएलसी सहित सैकड़ो महिलाए उपस्थित रही।

शुक्रवार को विकासखंड कांधला के प्रांगण में नारी शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह ने वीरांगना अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत सदस्य नीरज सैनी ने महिलाओ बताया कि अहिल्याबाई होलकर भारतवर्ष के आसमान में चमकता वह सितारा है जिनके कार्यों को लोग युगों युगों तक याद रखेंगे। उनके भारतवर्ष को दिए गए योगदान को लोग कभी भी भूल नहीं पाएंगे। अहिल्याबाई होलकर ने समाज हित और देश हित को सर्वोपरि रखा। महारानी अहिल्याबाई होलकर भारत के मालवा साम्राज्य की मराठा होलकर महारानी थी। अहिल्याबाई होलकर एक ऐसा नाम है जिसने अपने बलबूते पर भारतीय परंपरा तथा संस्कार की रक्षा हेतु तथा धर्म, समाज और राष्ट्रहित के लिए कुछ ऐसे कार्य किये कि उनका नाम इतिहास के पन्नों में अमर हो गया। महारानी अहिल्याबाई शिव भगवान की परम भक्त थी और उनकी अनन्य भक्ति की झलकियाँ उनके जीवन में समय-समय पर दिखती रही है।

ब्लाक प्रमुख डाक्टर विनोद मलिक ने सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ से महिला उत्थान तक की जानकारी दी। जनपद मे महिलाओ के समुह गठन व लाभ लेने के लिए प्रेरित किया व बताया कि समाज सुधारक अहिल्याबाई के सर्वांगीण विकास में उनके ससुर मल्हार राव होलकर का बहुत बड़ा हाथ था। जीवन के हर सुख -दुःख तथा संकट में मल्हार राव होलकर ने अहिल्या का साथ दिया था। अहिल्या को साहसी तथा निरंतर अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा उनके ससुर मल्हार राव से ही मिलती थी। अहिल्याबाई के ससुर मल्हार राव ने इनकी इच्छा का सम्मान करते हुए इन्हें शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार दिया। भारतवर्ष में उस समय सती प्रथा प्रचलित थी , महिलाएँ अपनी पति की मृत्यु के बाद अपने पति के शव के साथ ज़िंदा ही आग में जल जाया करती थीं, परन्तु अहिल्या के पति खंडेराव की मृत्यु के बाद मल्हारराव ने अहिल्या को सती नहीं होने दिया था। उनके इस निर्णय के कारण मल्हारराव का उस समय बहुत विरोध भी हुआ था। अहिल्या भी मल्हारराव के मार्गदर्शन में राज्य तथा समाज के हित के लिए निरंतर कार्य करती रहीं।

मुख्य अतिथि चौ वीरेन्द्र सिंह ने महिलाओ को सरकारी योजनाओ से जुडकर योजनाओ का लाभ उठाने, अपनी आजीविका के सुदृढ़ीकरण के प्रयासो की सराहना की।

महिलाओ को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संयोजक संजीव कुमार, ग्राम प्रधान रणवीर, हरेन्द्र, उमरनवाज, व विकास खण्ड स्तरीय अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# कोरोना फिर से पसार रहा पैर, नहीं हो रही जांच

**, नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सहारनपुर। कोरोना ने कई राज्यों में फिर से दस्तक दे दी है। जिले से सटे हरियाणा व उत्तराखंड में कोरोना पैर पसार रहा है, लेकिन जिले में कोरोना से निपटने के लिए कोई तैयारी अभी नहीं की गई है। रेलवे स्टेशन और दोनों राज्यों से आने वाले लोगों की सीमाओं पर जांच की जाए तो संक्रमण फैलने से बचेगा।

वर्ष 2021 में दूसरी लहर में लोगों को मौत की नींद सुलाने वाला कोरोना का खतरा फिर से मंडराने लगा है। प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, उत्तराखंड के ऋषिकेश, हरियाणा के यमुनानगर, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, पश्चिम बंगाल में कोरोना के केस मिल रहे हैं। यहां से हर दिन बड़ी संख्या में लोग यमुनानगर, उत्तराखंड में आते-जाते हैं। ऐसे में उनके साथ आया कोरोना वायरस घर या आसपास के कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों के लिए घातक हो सकता है, लेकिन यहां कोरोना मरीजों के लिए भर्ती सुविधा नहीं की गई है। जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड़ का कहना है कि अभी शासन से कोरोना को लेकर कोई गाइडलाइन नहीं आई है।

**-- बच्चे, गर्भवती व बीमार लोग बरते सावधानी**

कोरोना को सबसे ज्यादा खतरा बच्चे, गर्भवती और बीमा लोगों को है। इनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। इसलिए इन्हें कोरोना चपेट में लेता है। मधुमेह, थायराइड, हृदय के रोगी, गर्भवती महिलाएं या वैक्सीन की दोनों डोज नहीं लेने वाले एहतियात बरतें। भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें, हाथों की स्वच्छता व शारीरिक दूरी का ध्यान रखें।

# अब गंगोह और शामली डिपो से चलेंगी निगम की बसें

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**




सहारनपुर। परिवहन निगम जल्द ही गंगोह और शामली डिपो से अपनी बसों को संचालित करेगा। वर्तमान में गंगोह और शामली डिपो से अनुबंधित बसों का संचालन किया जा रहा है। निगम ने इस संबंध में 90 बसों की मांग मुख्यालय को भेजी है। साथ ही जल्द से जल्द संचालन के लिए अनुमित भी मांगी है।

सहारनपुर परिवहन निगम में 700 से अधिक बसों का विशाल बेड़ा है। इनमें ज्यादातर परिवहन निगम की खुद की बसें हैं, लेकिन जलालाबाद स्टेशन, गंगोह और शामली डिपो में सभी बसें अनुबंध के आधार पर संचालित होती है। कई बार बसों के संचालन में परेशानी भी होती है।

निगम की ओर से तय रूट पर बसों की संख्या कम या ज्यादा हो जाती है। इसके चलते ग्रामीण रूट के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जिन 90 बसों की मांग मुख्यालय को भेजी गई है, उनमें 80 बसें सामान्य श्रेणी की है। 10 बसें एसी क्लास हैं।

मुख्यालय इस मांग पर विचार करेगा। उम्मीद है कि जल्द ही बसें मिल जाएंगी। बसों के मिलने के साथ ही रोडवेज की वर्कशॉप भी स्थापित करने पर विचार किया जाएगा। सेवा प्रबंधक अक्षय कुमार ने बताया कि बसों की मांग की गई है।

# पत्रकार राजेश रवि की पुस्तक का विमोचन प्रकृति संवादक सम्मान भी मिला

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अलवर। वरिष्ठ पत्रकार राजेश रवि की पुस्तक बागी से किसानी का शुक्रवार को तरुण भारत संघ के भीकमपुरा स्थित आश्रम में संगठन के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम

में वरिष्ठ पत्रकार एवं हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सनी सेबेस्टियन, मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र सिंह , महाराष्ट्र के सकाल के पूर्व प्रधान संपादक श्रीराम पंवार, राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल प्रोफेसर शिवसिंह सारंग देबोत ने किया। इस अवसर पर उन्हें प्रकृति संवादक के सम्मान से भी सम्मानित किया गया। यह



पुस्तक राजस्थान के करौली व धौलपुर जिलों के डकैतों के जीवन परिवर्तन पर लिखी गई है। पुस्तक में बताया गया है कि किस तरह से डकैतों के बीच में संवाद स्थापित कर तरुण भारत संघ के कार्यकताओं ने उनके मन को बदला और बगावत छोड़कर खेती करते के लिए प्रेरित किया।

पुस्तक के बारे में लेखक राजेश रवि ने बताया कि उन्होंने जब क्षेत्र में जाकर देखा कि किस तरह से लोगों का मन बदला है और अब सैरनी सहित अनेक नदियां बहने लगी है। पशु दूध देने लगे है और खेतों में हरियाली है तो इस पर पुस्तक लिखने का मन बनाया। सनी ने कहा कि प्रकृति ,जल और नदियों के संरक्षण हेतु सृजनात्मक और मीडिया संवाद के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने और संरक्षण के प्रति अमूल्य सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए यह सम्मान दिया गया है। इस अवसर पर राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार पूर्व सीएम के सलाहकार रहे गोविंद चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार विनोद भारद्वाज , ख्यातनाम कवि विनीत चौहान, नालंदा प्रकाशन के नीरज कुमार, गांधी शांति प्रतिष्ठान के रमेश भाई सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली बड़ी कामयाबी, जीता इंटरनेशनल सेफ्टी अवॉर्ड

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सिंगरौली । एनटीपीसी का विन्ध्याचल ताप विद्युत संयंत्र एक बार फिर सुर्खियों में है। संयंत्र को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल द्वारा ह्यइंटरनेशनल सेफ्टी अवॉर्ड 2025ह्ल से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कार्यस्थल पर उत्कृष्ट सुरक्षा मानकों, स्वास्थ्य प्रबंधन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए दिया जाता है। यह वैश्विक मान्यता संयंत्र के कर्मचारियों, ठेकेदारों, विक्रेताओं और अन्य हितधारकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने मिलकर एक सुरक्षित और सतत कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दिया। संयंत्र की सुरक्षा टीम द्वारा लागू की गई




आधुनिक तकनीकें, नियमित प्रशिक्षण और सतर्कता ने इसे इस मुकाम तक पहुँचाया है।

पंकज कुमार जेठा (अपर महाप्रबंधक, एमएम-ऑफसाइट) और आशीष अग्रवाल (अपर महाप्रबंधक, सुरक्षा) ने लंदन में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान दशार्ता है कि एनटीपीसी विन्ध्याचल न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करता है।

एनटीपीसी का यह उपलब्धि उसकी उस प्रतिबद्धता को और सशक्त करती है, जिसके तहत वह एक सुरक्षित,स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# विश्वास हॉस्पिटल के संचालक नामी मनोचिकित्सक डॉक्टर सुमित मित्तल ने की आत्महत्या

## पत्नी के 18 झूठे मुकदमों से मानसिक रूप से परेशान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अलवर। शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित नंगला रायसिस गांधी नगर में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक प्रतिष्ठित मनोचिकित्सक डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली। घटना दोपहर करीब 11 बजे की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि डॉक्टर सुमित मित्तल ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर अलवर जिला अस्पताल (राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय) की मोर्चरी में रखवाया गया। इस घटना की पुष्टि एएसआई अरुण कुमार ने की और बताया कि मृतक डॉक्टर सुमित मित्तल नंगला रायसिस क्षेत्र में रहते थे और आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।

मृतक के छोटे भाई नवीन मित्तल ने बताया कि उनके भाई का कई वर्षों से अपनी पत्नी सीमा गर्ग के साथ गंभीर पारिवारिक विवाद चल रहा






था। उन्होंने कहा कि सीमा देवी ने बीते वर्षों में सुमित मित्तल के खिलाफ करीब 18 झूठे मुकदमे दर्ज करवा रखे थे, जिनमें यौन शोषण, दुष्कर्म, पॉक्सो, मारपीट और ठगी जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

नवीन मित्तल ने यह भी बताया कि सीमा ने अलवर में एक प्लॉट को अपने नाम करवाने के लिए इन मुकदमों का सहारा लिया और अमित मित्तल मानसिक रूप से लगातार प्रताड़ित होते जा रहे थे।

डॉ. मित्तल अलवर शहर के 'विश्वास हॉस्पिटल' के संचालक थे और मनोचिकित्सक के रूप में उन्होंने 100 से अधिक आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले लोगों की काउंसलिंग कर उन्हें जीवन देने का काम किया था। घटना के दिन जब वह अस्पताल नहीं पहुंचे तो हॉस्पिटल के मैनेजर विकास उन्हें देखने घर पहुंचे। दरवाजा बंद होने पर जब घर के अंदर झांका गया तो पता चला कि डॉक्टर मित्तल ने खुद को फांसी लगा ली है।

परिजनों ने न्याय की मांग करते हुए कहा कि एक ऐसा डॉक्टर जिसने दूसरों को जीवन दिया, वह खुद मानसिक तनाव से हार गया। परिवार का कहना है कि सीमा देवी द्वारा किए गए झूठे केसों की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

# भामाशाहों नें ट्रैक्टर और पानी का टैंकर श्री हनुमान मित्र मंडल गौशाला आभावास को किया भेंट



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सीकर आभावास।श्री हनुमान मित्र मंडल गौशाला आभावास के कोषाध्यक्ष राम प्रसाद गर्ग ने बताया कि गौशाला द्वारा पूर्व में आयोजित भव्य कार्यक्रम *एक शाम गौ माता के नाम* में भामाशाहों झाबरमल, बाबूलाल महाराज, रघुनाथ प्रसाद, सुवालाल, बंशीधर, महावीर प्रसाद सैनी लालचंद यादव ने गौशाला को ट्रैक्टर एवं पानी का टैंकर भेंट करने की जो घोषणा की थी उसे अमली जामा पहनाते हुए शुक्रवार, 30 मई 2025 को गौसवामणी और शोभायात्रा के भव्य आयोजन के साथ गौशाला को समर्पित किया। प्रातः 7:00 बजे बुंगले वाले बालाजी से शोभायात्रा प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई प्रातः 10:15 बजे गौशाला में पहुंची। तत्पश्चात 10:30 बजे गौसवामणी एवं गौ भक्तों हेतु प्रसादी का आयोजन किया गया। सभी पदाधिकारियो ने भामाशाहो का स्वागत सत्कार कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गौशाला की सभी पदाधिकारी ,गौ सेवक एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# गौरक्षों ने परिषद आयुक्त से लगाई जेसीबी भेजने की गुहार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल !स्थानीय नगर परिषद अधिकारियो की कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से शुक्रवार को गौ सेवको को उस समय भारी मानसिक प्रताड़ना झेलनी पडी जब एक मृत गाय को दफनाने के लिए गौ सेवक बुढ़ावाली में छ घंटे तक जेसीबी का इंतजार करते रहे अंत में जेसीबी नही पहुंचने पर 1500रुपए में मजदूर बुलाकर खड्डा खुदवाकर गाय का अंतिम किया गया!



गौ सेवक राकेश शर्मा ने बताया की तीन दिन पूर्व किसी ने फोन पर सूचना दी की परिषद क्षेत्र के ठेकड़ा गांव में एक गाय घायल अवस्था में तड़प रही है!रात को बारह बजे गौ सेवको की मदद से गाय को उठवाकर खैरथल के लम्पी यार्ड में लाया गया जहाँ पशु चिकित्सक से उपचार कराया लेकिन आज सुबह गाय ने प्राण त्याग दिए!

शर्मा ने बताया की गाय को दफनाने के लिए जेसीबी भेजनें के लिए नगर परिषद के आयुक्त सहित संबंधित स्टॉफ से पूरे दिन गुहार लगाते रहे लेकिन शाम तक परिषद द्वारा जेसीबी नही भेजी रही!मृत गाय को आवारा स्वानों से बचाये रखने के आधा दर्जन गौ सेवक छ घंटे तक रखवाली करते रहे!

# माडा व नवानगर टीआई को कलेक्टर व विधायक ने किया सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली ।सिंगरौली महोत्सव में सराहनीय योगदान देने पर माडा व नवानगर थाने के टीआई को सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह व कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सिंगरौली महोत्सव के सफल आयोजन पर एक बैठक आयोजित करते हुये जिले के अधिकारियों को साबासी दी गई। साथ ही कलेक्टर ने आभार भी व्यक्त किया। इसके अलावा उक्त कार्यक्रम में बेहतर सेवाएं व सराहनीय योगदान तथा सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने पर संबंधित अधिकारियों को सम्मानित किया गया। जिसमें माडा व नवानगर टीआई भी शामिल रहे। इस अवसर पर सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, एएसपी अभिषेक रंजन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बैतूल में राठौर परिवार का ऐतिहासिक मलनः 225 सदस्य एक मंच पर, सेवा-संस्कार और एकता की मिसाल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। जब आधुनिक समाज तेजी से एकल परिवारों की ओर बढ़ रहा है और रिश्तों की डोर दिनों-दिन कमजोर होती जा रही है, तब बैतूल जिले में राठौर परिवार ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। बैतूल के इतिहास में पहली बार एक ही मंच पर एक ही परिवार के 225 सदस्य एकत्रित हुए। इस भव्य और भावनात्मक आयोजन को नाम दिया गया – राठौर परिवार मिलन समारोह₹।

जानकारी देते हुए अनिल राठौड़ ने बताया कि इस आयोजन की शुरूआत आज लिला बाबा मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक से की



गई। इसके पश्चात एक भव्य रैली के रूप में पूरा परिवार शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचा। इस रैली ने शहर में सामाजिक सद्भाव, परंपराओं और पारिवारिक एकता का सशक्त संदेश दिया।

₹राठौर परिवार मिलन समारोह₹ केवल एक पारिवारिक कार्यक्रम नहीं था, यह संस्कार, संस्कृति और सेवा का जीवंत संगम था। इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि मन में अपनापन हो और परंपराओं से जुड़ाव हो, तो सैकड़ों लोग भी एक परिवार बनकर एक मंच पर एकत्र हो सकते हैं।

इस अनुकरणीय आयोजन ने यह जता दिया कि ₹परिवार₹ केवल खून का रिश्ता नहीं, बल्कि एक ऐसा मजबूत सामाजिक ताना-बाना है, जो समाज में एकता, सहयोग और संस्कारों को जीवित रखता है।

# मोरिंडा धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सती चरित्र पार्वती जन्म विवाह प्रसंग सुनाया

## वृंदावन के कलाकारों दी संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियां

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं चंवरा। कस्बे के गुढा रोड़ स्थित पलटुदास आखाड़ा पंचमुखी हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा में सती चरित्र, पार्वती जन्म , विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। कथावाचक दिनकर महाराज ने कथा में कहा कि मृत्यु के बाद आत्मा नये शरीर में जन्म लेती है। जो उसके पूर्व जन्मों के कर्मों और इच्छाओं पर निर्भर है आत्मा के अगले जन्म की स्थिति उसके पिछले जन्मों पर निर्भय करती है। अच्छे कर्म करने से आत्मा को बेहतर जीवन मिलता है। जबकि बुरे कर्म करने से उसे कष्टदायी यातनाए होती है। कथावाचक ने यह भी बताया कि माता-पिता का कर्तव्य है कि अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने से पहले स्वयं अच्छे संस्कार धारण करे। इस अवसर पर वृंदावन के कलाकारों ने एक से एक बढ़कर भगवान की झांकियां पेश की। महाराज ने संगीतमय भजनों के माध्यम से भजन



पेश किए। महिलाओं ने नृत्य पेश किया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया।

कथा के यजमान राधेश्याम कुमावत, सांवरमल खटाणा, राधेश्याम सैनी, डॉ सांवर मल सैनी, धवल कुमार बिछवाल, जगदीश प्रसाद शर्मा, बाबूलाल सैनी, इंद्र सिंह पोंख द्वारा पूजा अर्चना की गई। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए गांव और ढाणियों से कथा स्थल तक बस की व्यवस्था भी की गई है। बस सुविधा 5 जून तक लगातार जारी रहेगी। इस दौरान आश्रम के महंत रघुनाथ दास महाराज, बामलास धाम के महंत लक्ष्मण दास महाराज, शुशीलिया आश्रम गुढा के महंत जगदीशानंद महाराज, फेरन दास महाराज, शनिधाम के पुजारी सुरेंद्र भार्गव, सुरेश मीणा किशोरपुरा, केके सैनी किशोरपुरा, श्रीराम महरानियां, शीशराम रावत, सांवरमल स्टेशन मास्टर, श्रीराम मीणा, मंदिर कमेटी अध्यक्ष गजराज सिंह शेखावत, महावीर रावत, रामजीलाल शर्मा, मेवाराम सैनी, विलास राम सैनी, मूलचंद सैनी, दीपेन्द्र सिंह शेखावत, मक्खन लाल शर्मा सिंगनोर, शिम्भू दयाल सैनी, हनुमान कसाणा भंडारी, मनोहर लाल दीपपुरा, लालचंद गाडराटा, जयकिशन शर्मा, किशोर कुमार सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर बालाघाट पुलिस एवं जिला प्रशासन ने मिलजुलकर जनजागरूकता रैली का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**बालाघाट (म0प्र0)**

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर बालाघाट जिले के पुलिस विभाग और जिला प्रशासन ने मिल-कर शहर में एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया । रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों तथा प्रशासनिक अमले की महिला अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में



महिलाओं के सम्मान, शिक्षा और समानता के लिए अनगिनत पहलें कीं—विधवा-विवाह को समर्थन दिया, बालिकाओं की शिक्षा पर बल रखा और नारी गरिमा की रक्षा हेतु सशक्त संदेश प्रसारित किए। उनका आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करता है। इसी उद्देश्य से रैली निकालकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के विरुद्ध जनजागृति फैलाना और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया ।

जनजागरूकता रैली में 100 से अधिक महिलाओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता की, रैली के दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार, सुरक्षा उपायों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर साझा किए गए, जिनमें –

- महिला हेल्पलाइनः 1090
- साइबर हेल्पलाइनः 1930
- पुलिस आपातकालीन सेवाः 100
- बाल सहायता हेल्पलाइनः 1098

महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी देकर यह संदेश दिया गया कि महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में बिना हिचक मदद ले सकती हैं, और पुलिस-प्रशासन उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है।

# उपायुक्त ने की खेल एवं पर्यटन योजनाओं की समीक्षा बैठक, दिया निर्देश



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** साहेबगंज (झा०खं०), उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला कार्यालय प्रकोष्ठ में खेल एवं पर्यटन विभाग से सम्बन्धित संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी द्वारा अब तक किये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कई अहम दिशा -निर्देश दिया। वर्तमान में जिले में एक आवासीय बालक तथा दो डे-बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हैं। उपायुक्त ने अतिरिक्त डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र की आवश्यकता को देखते हुए पुनः विभाग को पत्राचार करने का निर्देश दिया। बैडमिंटन खेल के उन्नयन हेतु साहेबगंज में आवासीय प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव भेजने का आदेश भी दिया गया। इसके साथ ही, साहेबगंज एवं राजमहल अनुमंडल में खेल बैंक की स्थापना के बाद प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु विभाग को पत्राचार का निर्देश जारी किया गया। सिद्धो-कान्हू स्टेडियम, साहेबगंज के गैलरी विस्तार हेतु विभाग से पुनः पत्राचार करने तथा माघी मेला की राशि की मांग को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये। पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण व उन्नयन के लिए अनाबद्ध निधि की मांग को आगामी जिला पर्यटन प्रोत्साहन समिति (डीटीपीसी) की बैठक में रखने और विभाग को प्रस्ताव भेजने को कहा गया। स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद सैनिकों की स्मृति में साहेबगंज मुख्यालय में ह्लअमर जवान ज्योति स्थलह्व निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर उसे भी अगली (डीटीपीसी) बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त ओझा टोली घाट (साहेबगंज) व गंगा घाट (राजमहल) पर रिवर फ्रंट विकास हेतु उपयुक्त काउंसल्टेंसी एजेंसी से संपर्क स्थापित कर प्रस्ताव तैयार करने का आदेश भी दिया गया। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप-महानिदेशक ने मगध परियोजना का लिया जायजा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना में शुक्रवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) की उच्चस्तरीय टीम निरीक्षण के लिये पहुंची। जहां जीएम नृपेन्द्र नाथ ने अतिथियों को पारंपरिक तरीके से शॉल, श्रीफल व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात परियोजना कार्यालय में समीक्षात्मक बैठक हुई।जहां परियोजना पदाधिकारी सत्यनारायण सदाला ने प्रोजेक्टर के माध्यम से परियोजना का संचालन, उत्पादन की स्थिति, सुरक्षा पहल, पर्यावरणीय संरक्षण एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला. वहीं हाल हीं में मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रस्तुत सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन और आपातकालीन स्थितियों की तैयारियों की प्रस्तुती को डीजीएमएस टीम ने भरपूर सराहा। इसके बाद परियोजना पदाधिकारियों के साथ डीजीएमएस की टीम चमातु पैच के व्यू प्वाइंट में पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण के बाद वहां पौधारोपण भी किया. बताया गया कि निरीक्षण का मूल उद्देश्य सुरक्षा मानकों, श्रमिक कल्याण और पर्यावरण के अनुकूल कोल खनन की समीक्षा किया जाना था।इस मौके पर उप- महानिदेशक (एसईजेड) एस एस प्रसाद, उप- निदेशक (खान सुरक्षा) पी हनुमंत राव, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) सी एस तिवारी, डीएमएसओ (मैकेनिकल) रत्नाकर सनकी समेत परियोजना के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# पेयजलापूर्ति को लेकर विधायक से मिले ग्रामीण



, **नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो** धनबाद (झा०खा०), कतरास सलानपुर बस्ती के कई पुराने और सक्रिय युवा भाजपा नेताओं ने बिनय पासवान के नेतृत्व में बाघमारा विधायक शरद महतो से मुलाकात कर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बस्ती में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने और गरीब-गुरबों के उपयोग के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। विधायक श्री शरद महतो ने युवाओं की मांगों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सामुदायिक भवन निर्माण की अनुशंसा कर दी। साथ ही उन्होंने पानी की समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात कर यथाशीघ्र जल कनेक्शन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। मुलाकात के दौरान सलानपुर के युवाओं ने विधायक का आभार व्यक्त किया। विधायक महतो ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा, ₹आप लोग विकास की भूमिका तैयार करें, विकास का कार्य हम करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा नेता बिनय पासवान, नन्कु कुमार, अजय चौहान, केटी रवानी, अजय वर्मा, नागेश्वर बेलदार, शंभू सोनार सहित कई लोग शामिल थे।

# बीडीओ की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** ९ पाकुड़ ( झा०खं०), पाकुड़ प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 में वित्त आयोग के तहत चल रही विभिन्न कार्य प्रगति से सम्बन्धित के अलावे मनरेगा, अबुआ आवास, अन्य योजना की बिंदुवार समीक्षा की गई ।समीक्षा उपरांत हर चल रही सभी योजनाओं की कार्य में गति लाने के साथ ससमय अवधि में ही पूरा करने के ध्यानार्थ आवश्यक दिशा-निर्देश दिया बैठक में बीपीआरओ, बीपीओ, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना सबकी जिम्मेदारी- डीसी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** पाकुड़ (झा०खं०), जिले में स्वास्थ्य सेवा को दुरुस्त करने को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार लगातार प्रयासरत है। इसी को लेकर समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में तंबाकू, कालाजार, मलेरिया, डेंगू टीवी, आरबीएसके, कुष्ठ, एनसीटी पूर्ण टीकाकरण शहरी स्वास्थ्य प्रसव पूर्ण जांच संस्थागत प्रसव, विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाइयां (एसएनसीयू), एमटीसी तथा अन्य स्वास्थ्य विभाग इंडिकेटर की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आरबीएस के डाक्टरों से कहा कि स्कूलों के छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जन-जागरूकता लायें ताकि जमीनी स्तर पर लोगों में जागरूकता बढ़े और वे स्वयं भी तम्बाकू, डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम के उपायों में भागीदार बनें। साथ ही तंबाकू चैंपियंस को चिन्हित कर कार्यशाला करवाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी टीवी मरीजों का इंसेंटिव जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया तथा सभी मरीजों का एचआईवी जांच करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने लिट्टीपाड़ा और अमड़ापाड़ा प्रखण्डों को मलेरिया एवं कालाजार प्रभावित गांव में कीटनाशयुक्त मच्छरदानी वितरण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होने सभी गर्भवती माताओं का चार जांच, शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने टीकाकरण, टीबी, मलेरिया, कालाजार, महिलाओं का संस्थागत प्रसव के अलावा अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में ही रह कर कार्य करें। उन्होंने एमओआईसी को महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच कार्य को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने समय समय पर कार्य की प्रगति प्रतिवेदन की भी समीक्षा करने की बात कही।उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं। सदर अस्पताल समेत अन्य सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने की दिशा में कोई कसर नहीं रहे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ के के सिंह, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मछली पालन और खेती का जरिया बना तालाब जीर्णोद्धार व परकोलेशन टैंक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** पाकुड़ (झा०खं०), भूमि संरक्षण पदाधिकारी, पाकुड़ सुचित एक्का ने वित्तीय वर्ष-2023-24 एवं 2024-25 में किये गये तालाब जीर्णोद्धार व परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य वाले योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड के पंचायत- जोरडीहा में वर्ष 2023-24 में जीर्णोद्धार कराये गये सरकारी तालाब के पानी को लेकर पानी पंचायत के सदस्यों से मुलाकात किया। सदस्यों ने बताया कि उक्त तालाब का जीर्णोद्धार हो जाने से अगल-बगल के खेतों में चार्लेस सोरेन, बरबाद हांसदा एवं अन्य गत वर्ष खरीफ फसल के बाद रबी फसल जैसे सरसों, बैगन, मकई आदि का खेती किया गया।

साथ ही तालाब में मछलीपालन कर हम सब कृषक व्यवसाय की ओर अग्रसर है। इसी प्रकार ग्राम-अम्बाजोड़ा, पंचायत-पाडेरकोला, अमडापाड़ा में वर्ष 2024-25 में नवनिर्मित कराये गये परकोलेशन टैंक योजना से लाभान्वित कृषक फाते हांसदा के द्वारा बताया गया कि उक्त तालाब में मछली पालन हेतु मछली का जीरा डाला गया है। वर्षा जल संचयन होने के बाद रबी फसल की खेती प्रारम्भ करेगें।

## पारिवारिक विवाद में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बारियातू थाना क्षेत्र के रहिया ग्राम में शुक्रवार को जहर खाकर एक वृद्ध ने आत्महत्या करने का प्रयास किया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किशोर गंझु 53 वर्ष ग्राम रहिया थाना बारियातू निवासी ने पारिवारिक विवाद में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया ।घटना के बाद परिजनों द्वारा किशोर गंझ को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।वहीं किशोर गंझु की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लातेहार रेफर किया गया।

# सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने दी चेतावनी, 7 दिन में रिपोर्ट नहीं तो होगा ब्लॉक 2 का चाका जाम




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

धनबाद (झा०खा०), झारखण्ड रोजगार अधिनियम के तहत प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार देने के नियमों को लागू करने की प्रक्रिया में अब तेजी आ सकती है। शनिवार को ब्लॉक 2 के कार्यालय में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान जीएम (महाप्रबंधक) से स्पष्ट कहा कि यदि 7 दिनों के भीतर केसरगढ़, क्षदरियाडीह और सिदकोकी प्रभावित क्षेत्र, आउटसोर्सिंग कम्पानियों की भूमिका और बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली पर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई, तो दसवें दिन पूरा ब्लॉक 2 बंद कर दिया जायेगा।

## जिला कौशल पदाधिकारी ने विभिन्न कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों का जायजा

पाकुड़ (झा०खं०), जिला कौशल पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा जिले में संचालित विभिन्न कौशल केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कौशल पदाधिकारी ने झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (जेएसडीएम) के निदेर्शानुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पाकुड़ स्थित दूरदर्शी ज्ञान कौशल केन्द्र के मैनेजर वसीम को क्लास रूम का लाइव स्ट्रेचिंग सही करने का निर्देश दिया गया। साथ ही हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर स्थित ₹निष्ठा₹ कौशल केन्द्र के सेंटर मैनेजर को छात्रावास एवं प्रशिक्षण केन्द्र में उचित स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि जिले में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा तीन कौशल केन्द्र चलाए जा रहे है, इसमें रहना, खाना बिल्कुल निःशुल्क है। इसमें अभ्यर्थियों को किसी प्रकर की फीस नही देनी पड़ती। उन्हें ड्रेस एवं पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है।

# बेटे के जन्मदिवस पर माँ ने किया रक्तदान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा* *झारखंड**




गोड्डा : कहते हैं माँ की ममता में भगवान का रूप बसता है- इसका साक्षात उदाहरण बनीं शिवपुर निवासी नमिता झा, जिन्होंने अपने बेटे दीप के जन्मदिवस पर ओ- नेगेटिव रक्तदान कर एक जरूरतमंद युवक की जान बचाई। यह नेक काम संभव हो पाया विद्या विहार गोड्डा के निदेशक आशीष कश्यप द्वारा चलाए जा रहे रक्तदान अभियान के कारण, जिनकी प्रेरणा से नमिता जी तक यह सूचना पहुँची कि अस्पताल में भर्ती अमन कुमार ठाकुर को तत्काल ओ- नेगेटिव ब्लड की जरूरत है।

नमिता झा ने बिना एक पल गँवाए अस्पताल जाकर रक्तदान किया और अमन को जीवनदान मिल गया। उन्होंने कहा, हर साल दीप का जन्मदिन खास होता है, लेकिन इस बार मैंने सोचा कि किसी और के जीवन को बचाकर इसे यादगार बनाऊँ। बेटे को सिखाना चाहती हूँ कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है।

श्री आशीष कश्यप ने इस अवसर पर कहा, कि हमारा प्रयास है कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों, अभिभावकों और समाज में संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी भी विकसित हो। नमिता जी का यह कदम प्रेरणा बन चुका है।

अमन कुमार ठाकुर के परिजनों ने इस मदद के लिए नमिता झा और आशीष कश्यप का हृदय से आभार जताया। यह घटना बताती है कि जन्मदिन केवल खुद की खुशी मनाने का नहीं, दूसरों की ज़िंदगी संवारने का भी मौका हो सकता है। नमिता झा का यह कदम समाज में एक नई सोच की रोशनी जगा गया।

# बेहतर कार्य करने वाले कर्मी याद आते हैं : डा० सुमनलता

## महिला कालेज के अवकाश प्राप्त चार कर्मियों को दी गई विदाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा झारखंड**




गोड्डा : महिला कालेज, गोड्डा के लेखापाल सुधांशु शेखर झा, राम मुर्मू, वनस्पति विज्ञान के प्रयोगशाला प्रभारी, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी प्रतिमा देवी एवं ताला मरांडी के अवकाश प्राप्त होने पर कालेज सभागार में समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सभी प्रभारी प्राचार्य डा० सुमनलता ने अवकाश प्राप्त कर्मियों को अंगवस्त्र सहित चेक प्रदान किया।

कालेज की प्रभारी डा० सुमनलता ने कहा कि सुधांशु शेखर झा महाविद्यालय के स्थापना काल से ही कालेज सेवारत हैं। इनकी कार्यकुशलता की बदौलत ही आज विद्यालय मुकाम हासिल करने में सफल रहा है। वे 19 अगस्त 1989 से ही इस महाविद्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं। ऐसे कार्यकुशल कर्मियों को विदाई देना बहुत ही कष्टकारी है। लेकिन सरकारी नौकरी में योगदान व सेवानिवृत्त एक पड़ाव है। इससे सभी कर्मियों को गुजरना पड़ता है। इसी प्रकार राममुर्मू ने भी पांच नवंबर 1990 से ही महाविद्यालय में सेवा देकर खासकर विज्ञान विभाग की छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने में अहम योगदान दिया है। इसे भुलाया नहीं जा सकता है। इसी प्रकार प्रतिमा देवी व ताला मरांडी ने भी निष्ठापूर्वक कार्य कर सभी का दिल जीत लिया है। कहा कि विदाई चाहे किसी की भी हो बहुत ही कष्टकारक होता है। उन्होंने सभी के दीर्घ जीवन की मंगल कामना की। कार्यक्रम का संचालन डा० शाबरा तब्बसुन कर रही थी। इसके पूर्व छात्राओं ने विदाई गीत गाकर माहौल को गमगीन बना दिया। इस अवसर पर डा० विभा राय, डा० रेखा कुमारी, डा० कौशल, अरविंद यादव, संजीव यादव, डा० दिनेश प्रसाद यादव, नीलम सिंह, सुधीर कुमार यादव सहित आशुतोष कुमार झा, नीलेश कुमार यादव, निरंजन दास, रौशन कुमार, मनोरमा कुमारी, साधना कुमारी, शैश टेलर, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

# उद्योग मंत्री विपुल गोयल के साथ कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने किया कौशल विकास पर मंथन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
पलवल।श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने हरियाणा के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री विपुल गोयल से मुलाकात कर उनके साथ कौशल विकास की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने प्रदेश में उद्योगों के लिए कुशल मानवीय संसाधन तैयार करने और अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने की योजनाओं का ब्यौरा भी दिया। केबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता पर ले जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्किल इको सिस्टम तैयार करने में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की बड़ी भूमिका है। प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक युवा को कौशल प्रदान कर न केवल हम औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं, बल्कि इससे बेरोजगारी की चुनौती से भी पार पाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में कुछ नए प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लक्ष्यों को क्रियान्वित किया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री विपुल गोयल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी कर्मचारी एवं कॉलेज कर्मचारी यूनियन का धरना प्रदर्शन।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी एवं इसकी संकायों एवं संबंधित कॉलेजों में कार्यरत हजारों कर्मचारियों ने दिल्ली यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज कर्मचारी यूनियन के बैनर तले अपनी मांगो जैसे यूनिवर्सिटी हेल्थ सेंटर की मेंबरशिप सभी कॉलेज कर्मचारियों के लिए पूर्व की भांति बहाल करना, यूनिवर्सिटी की कार्यकारी परिषद एवं कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी में कर्मचारियों को स्थाई प्रतिनिधित्व दिलवाना,नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा वर्ष 2021 में यूनिवर्सिटी में रिक्त पदों को भरने की एवज में लिए गए



करोड़ों रुपए को कैंडिडेट्स को अविलंब ब्याज सहित वापिस करवाना। और इसके लिए दोषी अधिकारियों को दंडित करवाना। यूनिवर्सिटी,विभागों और कॉलेजों में कॉन्ट्रैक्ट पर कार्य कर रहे कर्मचारी साथियों को माननीय सुप्रीम कोर्ट निर्णय के आधार पर नियमित करवाना। ओ बी सी योजना का लाभ कर्मचारियों की भर्ती तथा प्रमोशन में भी दिलवाना, लेबोरेटरी और लाइब्रेरी में स्टाफिंग पैंटर्न लागू करवाना,आदि को लेकर जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान यूनियन के प्रधान देवेंद्र शर्मा, महासचिव रविंद्र कुमार पांडे, अमित माथुर,अशोक अत्रि,अवधेश कुमार, कमल जीत, वीरेन्द्र सिंह आदि नेता ने संबोधित किया। यूनियन के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने बताया कि हमारा धरना 14/05/25 से जारी है लेकिन कोई बात करने को राजी नहीं है। प्रशासन के इस रवैये से कर्मचारियों में रोष है

# मानसून को लेकर दिल्ली सरकार युद्ध स्तर पर कर रही कार्यवाही

## 77 बड़े नालों से 14 लाख मैट्रिक टन गाध निकल गई।

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
नई दिल्ली। आने वाले मानसून को देखते हुए दिल्ली सरकार युधिष्ठिर पर कार्यवाही कर रही है जिससे जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। इसके चलते दिल्ली सरकार ने 77 बड़े नालों से 14 लाख मीट्रिक टन गाद हटायी दिल्ली सरकार ने इस महीने तक राष्ट्रीय राजधानी में 77 प्रमुख नालों से लगभग 14 लाख मीट्रिक टन गाद हटायी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 100 दिवसीय कार्ययोजना में मरम्मत के लिए चिन्हित कुल 228 किलोमीटर सड़कों में से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 29 मई तक 66 किलोमीटर सड़क का काम पूरा कर लिया है। मरम्मत कार्य में सड़कों पर नयी परत चढ़ाना, टूट-फूट को दुरूस्त करना, गड्ढों को भरना और अन्य एजेंसियों द्वारा किये गये तोड़फोड़ को सही करना शामिल है। सड़क मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा मार्च के मध्य से जून के मध्य तक किया जाता है और फिर मानसून के मौसम के कारण यह बंद हो जाता है। लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा, ह्यह्यहालांकि सड़क और जल क्षेत्र में पुरानी समस्याओं को ठीक करने में कुछ समय लगेगा, लेकिन दिल्ली सरकार ने सत्ता में आने के बाद से शहर की बेहतरी के लिए काम किया है और कुछ उपलब्धियां हासिल की हैं। मानसून के बाद, हम सड़क मरम्मत के दूसरे चरण को शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसके तहत और 250 किलोमीटर तक सड़कों की पहचान की जाएगी और उनकी मरम्मत की जाएगी।ह्लह्ल उन्होंने कहा कि जल क्षेत्र में भी हमने जीपीएस लगे पानी के टैंकर शुरू करने और नये बोरवेल चालू करने जैसे कदम उठाए हैं। दिल्ली में पीडब्ल्यूडी 1,400 किलोमीटर तक सड़कों का रखरखाव करता है, जो 60 फुट चौड़ी हैं। इन्हें दिल्ली नगर निगम से विभाग को हस्तांतरित किया गया था। लोगों ने अक्सर खराब गुणवत्ता वाली सड़कों और गड्ढों के बारे में शिकायत की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने गाद हटाने के काम की समीक्षा की थी। अधिकारियों के अनुसार, 77 बड़े नालों में लगभग 22 लाख मीट्रिक टन गाद जमा होने का अनुमान है, जिसमें से 63 प्रतिशत (14 लाख मीट्रिक टन) को साफ किया जा चुका है। नाले की सफाई व गाध हटाने के दावे पिछली सरकारी भी करती रही हैं ,लेकिन फिर भी दिल्ली को जल भराव से बचाया नहीं जा सका। देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा सरकार मानसून में दिल्ली को जल भराव से कितना बचाने में कामयाब होती है !

# दिल्ली सरकार ने लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों में की गई खरीद की जांच के दिये आदेश

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली।लोक निर्माण विभाग ने खरीदी और खपत हुई निर्माण सामग्री की निगरानी के आदेश दिए

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अपने अधिकारियों को सड़क और भवन परियोजनाओं के लिए निर्माण सामग्री की खरीद पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। विभाग ने विभिन्न शाखाओं के प्रमुखों को विभिन्न परियोजना स्थलों पर सामग्री की आपूर्ति और उनकी खपत के पिछले दो वर्षों के रिकॉर्ड की जांच करने को कहा है। पीडब्ल्यूडी के आदेश में कहा गया है, ₹सामग्री



आपूर्ति के जीईएम (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) आदेशों के अनुमोदन के समय, कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता यह प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष में खरीदी गई सामग्रियों की आपूर्ति और खपत के रिकॉर्ड की जांच कर ली है और उसे सही पाया है।₹ आदेश में कहा गया है, ₹मौखिक पूछताछ से पता चला है कि क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उल्लिखित कार्यालय ज्ञापन का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए, सभी पर्यवेक्षी स्तर के अधिकारियों को गैर-अनुपालन के कारणों का पता लगाने और ऐसे अधिकारियों को उपयुक्त निर्देश जारी करने का निर्देश दिया जाता है।

# भाकपा (माले) सांसद का प्रधानमंत्री को पत्र, अमेरिकी छात्र वीजा मामले पर चिंता जताई


**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के सांसद राजा राम सिंह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर अमेरिकी प्रशासन द्वारा नये छात्र वीजा साक्षात्कारों पर रोक लगाए जाने को लेकर चिंता जताई। अमेरिका द्वारा अपनी वीजा व्यवस्था में किए गए बदलावों से भारत सहित दुनिया भर के छात्रों के बीच अनिश्चितता पैदा हो गई है। भारत सरकार ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई थी कि अमेरिका योग्यता के आधार पर भारतीय छात्रों के वीजा आवेदनों पर विचार करेगा। वामपंथी सांसद सिंह ने केंद्र सरकार पर अमेरिकी प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ साधारण विरोध दर्ज कराने में भी "विफल" रहने का आरोप लगाया और आग्रह किया कि भारत को "स्पष्ट प्रतिक्रिया" देनी चाहिए। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में बिहार के काराकाट से सांसद ने कहा,




अमेरिका के विश्वविद्यालयों में आवेदन करने वाले भारतीय छात्रों के लिए वीजा साक्षात्कार रोकने का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नीत प्रशासन का फैसला परेशान करने वाला है।" सिंह ने कहा, "इसमें यह भी संकेत दिया गया है कि वीजा जारी करने से पहले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच की जाएगी। चिंता की बात न केवल भाषा का लहजा और भाव है जो धमकी से कम नहीं है, बल्कि यह तथ्य भी है कि अपमानित करना अमेरिकी आव्रजन नीति की पहचान बनता जा रहा है।

# जेएनयू के शिक्षकों, विद्यार्थियों ने गाजा में इजराइली कार्रवाई की निंदा की।

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की फलस्तीन सॉलिडेरिटी असेंबली ने शुक्रवार को कड़े शब्दों वाला एक प्रस्ताव पारित कर पिछले 20 महीनों से गाजा में इजराइल द्वारा किए गए नरसंहार की निंदा की। विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों द्वारा समर्थित प्रस्ताव में इजराइल पर नाजी जर्मनी के फाइनल सॉल्यूशन अभियान की याद दिलाने वाली सैन्य कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया और जोर देकर कहा कि इजराइल के कृत्यों ने उसे सभ्य राष्ट्र माने जाने से अयोग्य बना दिया है। असेंबली ने व्यापक विनाश और जानमाल के नुकसान पर प्रकाश डालते हुए अंतरराष्ट्रीय



समुदाय की निष्क्रियता और अमेरिका जैसे देशों द्वारा दिए गए खुले समर्थन की आलोचना की। बयान के मुताबिक, यह नरसंहार ही इजराइल को ह्यसभ्य राष्ट्रोंह्ल के समूह में गिने जाने के उसके अधिकार को पूरी तरह से छीनने के लिए पर्याप्त है। प्रस्ताव में भारत सरकार से इजराइल से दूरी बनाने और फलस्तीनी मुद्दे पर ऐतिहासिक समर्थन की पुष्टि करने का भी आग्रह किया। प्रस्ताव में हिंसा को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने और इजराइल को संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने के लिए मजबूर करने का आह्वान किया गया। प्रस्ताव के मुताबिक, असेंबली विशेष रूप से भारत सरकार से इजराइल के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करने की नीति को समाप्त करने और फलस्तीन पर भारत की दीर्घकालिक स्थिति को प्रभावी ढंग से बनाए रखने तथा सभी प्रकार के नस्लवाद को अस्वीकार करने का आह्वान करती है। असेंबली ने फलस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की और उनके विपरीत बाधाओं के बावजूद संघर्ष जारी रखने के साहस व दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की।

# गाजियाबाद में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

गाजियाबाद । उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में शुक्रवार को कोरोना के पांच नए मरीज मिले हैं। जिसके बाद पूरे जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 17 हो गई है।

दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले में कोरोना के मामले हर दिन सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को जिले में कोरोना के पांच नए मरीज मिले हैं। इनको मिला कर पूरे जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 17 हो गई है। बृहस्पतिवार को भी कोरोना के चार नए मरीज चिह्नित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार चिह्नित मरीजों में 87 वर्षीय बुजुर्ग भी हैं, जो गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त हैं। रूटीन जांच में वे भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। 13 मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। दो मरीज निजी अस्पताल में भर्ती हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि चार संक्रमितों में से राधाकुंज निवासी 44 वर्षीय युवक को सर्दी, बुखार की शिकायत थी। डॉक्टर की सलाह पर एक ने निजी लैब में कोविड जांच कराई, जो पॉजिटिव पाई गई। इसके अलावा वसुंधरा निवासी 26 वर्षीय युवक को तीन चार दिन से बुखार, खांसी की शिकायत थी और जांच के बाद कोविड संक्रमण पाया गया। भोपुरा सकलपुरा निवासी 87 वर्षीय बुजुर्ग को गुर्दे संबंधी बीमारी का नोएडा के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। रूटीन जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आई। विजयनगर निवासी 47 वर्षीय महिला जो नौकरी के लिए रोजाना दिल्ली से आना- जाना करती है। उन्हें 26 मई को खांसी, जुकाम व बुखार की परेशानी के बाद निजी लैब में कोरोना जांच कराई। उनकी भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इन चारों मरीजों का इलाज घर पर ही चल रहा है। डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि सभी अस्पतालों को अलर्ट किया गया है। निजी अस्पतालों को भी कोरोना मरीजों की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।


# कार्यालय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बडौत (बागपत)

**पत्रांक / 147** **/ आंकिक-1/संस्थागत मद-2023-24** **दिनांक - 27-05-2025**

**शाखा प्रबन्धक,**
**पंजाब नेशनल बैंक,**
**बडौत (बागपत)**
**महोदय,**

आपकी शाखा मे संस्थान का बचत खाता संख्या-04322010028260 अधोहस्ताक्षरी एवं आरती सिंह, ई०टी०ओ० के संयुक्त हस्ताक्षरो से संचालित है। जिसमे भिन्न-भिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि जमा है।
संस्थागत मद में उपलब्ध धनराशि से निम्नलिखितनुसार सम्बन्धित के बैंक खाते मे धनराशि स्थानान्तरित कराने का कष्ट करें।

| क०सं० | विवरण | खाता संख्या | आई०एस०सी०कोड | धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महिपाल सिह | 04322010026300 | UPNB0043210 | 5320.00 |
| 2 | MSG Jawan Electric Agency Baraut. | 080905002767 | ICIC0000809 | 9669.00 |
| 3 | Saurabh Sanitary Store Baraut | 923020064944816 | UTIB0002688 | 30844.00 |
| 4 | National Press Times | 628605013789I | ICIC0006286 | 20760.00 |
| योग | | | | 66593.00 |

(आरती सिह)
ई०टी०ओ०

आचार्य
क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान बडौत (बागपत)



'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173


स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।